दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 11 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 262 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## नेपाल हिंसा में अब तक 30 लोगों की मौत, 1033 घायल



**काठमांडू।** नेपाल इस समय गहरे राजनीतिक और सामाजिक संकट से जूझ रहा है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों और सोशल मीडिया बैन पर हुए जनविरोधी आंदोलन के बाद इस्तीफा दे दिया। इन प्रदर्शनों में पुलिस कार्रवाई के दौरान कम से कम 22 लोगों की मौत और सैकड़ों लोग घायल हुए।

हजारों प्रदर्शनकारी सरकारी इमारतों में घुस गए और कई जगहों पर आगजनी की घटनाएं सामने आईं। जिला प्रशासन कार्यालय, चुनाव कार्यालय, अदालत और अन्य सरकारी भवन जलाए गए। स्थानीय राजनीतिक दलों के दफ्तर और सुपरमार्केट भी आग की चपेट में आ गए। हालात बिगड़ने पर नेपाल आर्मी को बड़े शहरों में तैनात किया गया है, जो जनता से शांति बनाए रखने की अपील कर रही है।

उधर, नेपाल की हिंसा का असर भारत पर भी पड़ सकता है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि उपद्रवी तत्व भारत-नेपाल सीमा से लगे उत्तर प्रदेश और बिहार के जिलों में अशांति फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। इसी को देखते हुए सशस्त्र सीमा बल, यूपी पुलिस और बिहार पुलिस को सतर्क कर दिया गया है ताकि सीमा पार हिंसा का असर भारत में न फैल पाए।









## सिटी जोन में 12 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

### डीसीपी सिटी बोले क्राइम कंट्रोल के लिए कड़े एक्शन जरूरी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने विभिन्न थानों में सक्रिय 12 शातिर अपराधियों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। यह कदम सीपी जे रविंदर गौड और डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के निर्देशन में उठाया गया है।

इस कार्रवाई से साफ है कि गाजियाबाद पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है और आने वाले दिनों में भी शहर को अपराधमुक्त बनाने के लिए ऐसे अभियान जारी रहेंगे। पुलिस के अनुसार इन अपराधियों के खिलाफ कुल 45 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। ये सभी अपराधी चोरी, लूट, धमकाने और अन्य गंभीर मामलों में संलिप्त रहे हैं।

डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने स्पष्ट कहा क्राइम कंट्रोल के लिए कड़े एक्शन आवश्यक हैं। गाजियाबाद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए अपराधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और जो भी अपराध में लिप्त होगा, उस पर इसी तरह की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### गुंडा एक्ट में इनपर हुई, अपराधियों की सूची

1. अमन उर्फ मोमबत्ती थाना कोतवाली नगर
2. अमन पुत्र थाना कोतवाली नगर
3. सुनील चातर थाना कोतवाली नगर
4. अनस कुरैशी उर्फ डीके थाना कोतवाली नगर
5. नीरज शर्मा– थाना कवि नगर
6. केतन कुमार यादव उर्फ पिपिपि – थाना कवि नगर
7. प्रियंम यादव थाना कवि नगर
8. अंकित कुमार थाना सिहानी गेट
9. अनिल कुमार थाना सिहानी गेट
10. सुंदरपाल थाना नंदग्राम
11. पृथ्वीराज थाना कविनगर
12. पियुष उर्फ बद्दू थाना कविनगर

## ट्रैफिक पुलिसकर्मी की हाईवे पर मौत के बाद हटी पुलिस की ड्यूटी

# अब दिल्ली-मेरठ हाईवे पर दौड़ रहे हैं प्रतिबंधित वाहन

### तस्वीरें बता रही हैं कि नियम तोड़ने वाले जान जोखिम में डालकर सफर करने से बाज नहीं आ रहे हैं







> जल्द ही ऐसे वाहनों के नंबर नोट कर उनको ई-चालान के तहत चालान भेजा जाएगा। साथ ही अगर किसी भी वाहन का एक से अधिक बार यह है नियम तोड़ने वाला वीडियो मिला, तो उस पर अतिरिक्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> सच्चिदानंद
> एडीसीपी ट्रैफिक

### - पहले पुलिस करती थी दो पहिया वाहन की एंट्री पर 20,000 का चालान

### दिन हो या रात नियम तोड़ने वाले दौड़ा रहे हैं वाहन लगातार

करंट क्राइम : दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर प्रतिबंधित मार्ग पर दो पहिया वाहन जमकर चलाए जा रहे हैं। साथ ही लोग बिना हेलमेट के भी इस तेज रफ्तार मार्ग पर सफर कर रहे हैं। कारण है कि अब इस पर ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी नहीं है। जिसका लोग लाभ उठाकर अपनी जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे दो पहिया वाहनों के लिए प्रतिबंधित है, यहां यातायात पुलिस पकड़े जाने पर 20,000 का चालान करती है। साथ ही कई बार नियम तोड़ने पर वाहनों के चालकों के लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन भी रद्द करने का प्रावधान है। तस्वीरें बता रही हैं कि नियम तोड़ने वाले जान जोखिम में डालकर सफर करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार गाड़ी की चपेट में आने से ट्रैफिक कांस्टेबल विपिन की मौत हो गई थी। विपिन की मौत के बाद से पुलिस के अधिकारियों ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के अलग-अलग प्वॉइंट से ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी हटा दी गई थी। ड्यूटी हटे हुए लगभग 15 दिनों से अधिक का समय बीत चुका है। अब दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे जो कि दो पहिया वाहनों के लिए प्रतिबंधित है, ऐसे वाहनों की एंट्री होने पर पुलिस 20,000 का चालान करती है, लेकिन पुलिस की मौजूदगी ना होने और चालान के डर से बेपरवाह लोग अपनी जान के साथ खेल रहे हैं। बुधवार को दैनिक करंट क्राइम ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर ऐसे कई दो पहिया वाहनों को कमरे में कैद किया, जो प्रतिबंधित मार्ग पर रफ्तार से वाहन दौड़ा रहे थे। दरअसल पहले यहां अलग-अलग एग्जिट प्वाइंट पर ट्रैफिक पुलिस मौजूद रहती थी, लेकिन सिपाही की सड़क हादसे में मौत के बाद से पुलिस हटा ली गई थी, जिसका लोग अब जमकर फायदा उठा रहे हैं।

### नियम तोड़ने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

**करंट क्राइम :** ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस-वे पर लगे कैमरों के जरिए ही निगरानी रखने का काम हो रहा है। हालांकि इसके बावजूद भी कुछ लोग प्रतिबंधित मार्ग पर वाहन लेकर आ रहे हैं।

## शहर विधायक संजीव शर्मा का मेयर सुनीता दयाल से अनुरोध

### बोले बढ़े हुए हाउस टैक्स का संदेश भेजने वाले अफसरों पर करें कार्रवाई








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बुधवार को शहर विधायक संजीव शर्मा ने हाउस टैक्स के मुददे पर अपनी चुप्पी तोड़ी। संजीव शर्मा उस बैठक में भी शामिल रहे हैं जिसमें टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव निरस्त हुआ था। उन्होंने मेयर सुनीता दयाल से ये अनुरोध किया है कि वो बढ़े हुए टैक्स के साथ टैक्स भुगतान का संदेश भेजने वाले अधिकारियों पर अनुशासनहीनता की कार्यवाही करें। शहर विधायक संजीव शर्मा ने चुप्पी तोड़ी और कहा कि मैं शहर विधायक संजीव शर्मा मेयर सुनीता दयाल से ये अनुरोध कर रहा हूं कि वो बढ़े हुए टैक्स के नोटिस भेजने वाले अफसरों पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर जनता के बीच विरोध बढ़ रहा है, पार्षदों में आक्रोश बढ़ रहा है।

शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जब मेयर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में हुए निगम बोर्ड बैठक में ये प्रस्ताव आ गया कि बढ़ा हुआ टैक्स नहीं लिया जाएगा, इसके बावजूद जनता को नोटिस क्यों जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्षदों के बार-बार कहने के बाद भी उनके धरने पर बैठने के बाद भी आखिर बोर्ड बैठक के मिनट्स क्यों नहीं दिये जा रहे हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा ने मेयर सुनीता दयाल से ये कहा है कि उन्हें ऐसे मामलों पर संज्ञान लेना चाहिए और ऐसे अफसरों पर अनुशासनहीनता की कार्यवाही करनी चाहिए जो सदन की अवमानना कर रहे हैं। मेयर के निदेर्शों का भी उल्लंघन कर रहे हैं।

### खुद विधायक संजीव शर्मा को मिला है बढ़े टैक्स का नोटिस

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। टैक्स वसूली को लेकर छिड़ी जंग अब जनता के मोबाइलों से होती हुई जनप्रतिनिधियों के मोबाइल तक आ गई है। अभी तक जनता के मोबाइल फोन पर मैसेज आ रहे थे और अब निगम के अफसरों ने जनप्रतिनिधियों को भी नोटिस भेज दिये हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा को भी बढ़ी हुई हाउस टैक्स की दर से कर भुगतान करने का नोटिस मिला है। विधायक को ये नोटिस निगम अधिकारियों ने भेजा है।

## पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने मिलाई लखनऊ गए पार्षदों की आवाज में आवाज

### कहा अगर जनहित के मुद्दे को उठा रहे ये पार्षद करेंगे आंदोलन तो एक हजार लोग लेकर पहुंचूंगा अपने साथ



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने संगठन से लेकर सदन देखा है, जिन्होंने सड़क पर संघर्ष से लेकर सरकार देखी है। वो जनहित के मुद्दों को बेहतर समझते हैं और राजनीति के उतार-चढ़ाव देखे हैं। एक ऐसे नेता जिन्होंने आम आदमी के संघर्ष की लड़ाई भी लड़ी है और गाजियाबाद की सड़कें गवाह हैं जब उन्होंने नगर निगम का घेराव रिक्शा चालकों के साथ कर लिया था। रिक्शा चालकों से जबरन शुल्क वसूला जा रहा था और सुरेंद्र मुन्नी ने उस जुलूस का नेतृत्व किया था जिसमें रिक्शा चालक शामिल थे। पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी एक बार फिर हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर संघर्ष कर रहे पार्षदों के पक्ष में खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि एक लीडर का कर्त्तव्य जनता के हितों की लड़ाई लड़ना होता है। जनहित के मुद्दे पर सबको एक साथ होना चाहिए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन किस दल में है, लेकिन इससे जरूर फर्क पड़ता है कि जनता के द्वारा चुना हुआ नेता, जनता के बीच रहने वाला नेता, जनता के किसी भी हित को लेकर जनता के साथ खड़ा हुआ या नहीं। राजनीति का सबसे बड़ा बल जनता होती है।

पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी का मुद्दा लेकर लखनऊ में मुख्यमंत्री के सचिव से लेकर नगर विकास मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री से मिलने वाले पार्षदों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पार्षदों ने वो काम किया है जो अन्य जनप्रतिनिधियों को करना चाहिए था। पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने कहा कि हाउस टैक्स की दर को कम कराना केवल इन पार्षदों की जिम्मेदारी नहीं बनती है। ये जिम्मेदारी तो वार्डों के सभी पार्षदों की बनती है। जिन वार्डों से टैक्स वसूल रहे हो उन वार्डों से वोट भी मिले हैं। वार्ड की जिम्मेदारी पार्षद के अलावा उनकी भी है, जिन मेयर को, जि सांसद को और जिन विधायक को इन्हीं वार्डों से वोट मिले हैं। उन्होंने कहा कि इन जनप्रतिनिधियों की खामोशी हैरान कर रही है। पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने कहा कि अगर ये जनप्रतिनिधि जनमुद्दों पर भी खामोश हैं तो वो जनहित में इस खामोशी को तोड़ें। उन्होंने कहा कि जनता के हितों की लड़ाई है तो ऐसे में जनप्रतिनिधियों की खामोशी उस जनादेश के खिलाफ है जो जनता ने तुम्हें दिया है। ये जनता के भरोसे के साथ जनप्रतिनिधियों का विश्वाघात है। पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने कहा कि टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में जनता की लड़ाई लड़ रहे पार्षदों के साथ मैं पूरी ताकत के साथ हूं। उन्होंने कहा कि अगर ये पार्षद धरने पर बैठे या आंदोलन किया तो मैं अपने साथ एक हजार लोगों को लेकर उस धरने में शामिल होऊंगा। मेरा पूरा समर्थन इन पार्षदों के साथ है।

## चीन पर भरोसा ठीक नहीं : सिकंदर यादव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ट्रंप की भारत पर टैरिफ लगाने के बाद भारत के प्रधानमंत्री ने चीन की यात्रा की, जोकि भारतीय प्रधानमंत्री की 7 वर्षों में पहली चीनी यात्रा थी, विदेश नीति के जानकार इस यात्रा को, ट्रंप को जवाब के रूप में दिखाया जा रहा है, क्योंकि शंघाई शिखर वार्ता में रूस, कोरिया भी शामिल थे, इसे ट्रंप या अमेरिका के खिलाफ एक नया मोर्चा बताया जा रहा है, और बदलते वर्ड ऑर्डर के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जहां तक भारत का विषय है भारत और चीन के संबंध गलवान घटना के बाद तनावपूर्ण रहे हैं।

सीमा पर अभी भी तनाव बना हुआ है और ऐसी भी खबरें आ रही है कि चीन ने बफर जोन में अपनी स्थिति मजबूत कर रखी है, 1962 के बाद ही चीन की भारत के प्रति निति ठीक नहीं रही है, तिब्बत पर कब्जे के बाद चीन की नजर लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश पर गड़ी हुई है, हाल ही में भारत-पाकिस्तान युद्ध में ये निकलकर आया कि चीन ने पाकिस्तान को खुफिया जानकारी व हथियार दिए, ऑपरेशन सिंदूर के बीच बड़े रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के लिए पाकिस्तान से बड़ा खतरा चीन है, खुद चीनी ये मानता है कि भारत का बड़ा बाजार व उसकी अर्थव्यवस्था चीन के लिए चुनौती है।

वो कभी भी भारत का हितेषी नहीं हो सकता। उसका भारत के प्रति लगाव सिर्फ अपने उत्पादों को भारतीय बाजार में बेचना मात्र है, भारत को सावधान रहना होगा क्योंकि चीन का इतिहास हमेशा साम्राज्यवादी व विस्तारवादी रहा है, अतः भारत को अपने विदेश नीति में हमेशा ध्यान रखना होगा कि चीन को व्यापार में एक तरफा लाभ न हो, आज भारत का कुटीर उद्योग व लघ उद्योग चीन के सस्ते सामान की वजह से कर चरमरा गया है, हाल ये है कि भारत का खिलौना उद्योग चीन के सस्ते उत्पादों के कारण समाप्त होने की कगार पर है, भारत के किसी भी त्यौहार पर होली, दिवाली, रक्षाबंधन आदि पर चीन के समान से भारतीय बाजार भरे रहते हैं, लाइट से लेकर फर्नीचर तक आज चीन से आ रहा है, मोबाइल इंडस्ट्री पर तो पहले ही चीन का कब्जा है, हमारे नीति निर्धारकों को समझना होगा कि हम अपने ऐसे पड़ोसी को तो मजबूत नहीं कर रहे जो एक दिन हमें धोखा देगा।

## क्या इस बार भी संजीव शर्मा के बर्थ-डे में दिखेगी पहले वाली गर्मजोशी

### अब वो विधायक हैं, तब सस्पेंस में थी ताजपोशी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में नेता के साथ भीड़ का एक बड़ा कनेक्शन उनकी पॉलिटिकल नीड से भी होता है। अगर जरूरत है तो फिर एक पूरा भीड़ का रेला नेता के साथ मेले की तरह चलता है और अगर जरूरत नहीं है तो बड़े से बड़ा नेता भी अकेला चलता है। 14 सितंबर को शहर विधायक संजीव शर्मा का जन्मदिन है। जन्मदिन अब सियासत में सियासी टीआरपी का भी थमार्मीटर बन चुका है और जन्मदिन का हाल ये है कि हर साल ये मानक बदल रहा है। एक जन्मदिन वो था जब अतुल गर्ग विधायक थे और संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष थे। कार्यकताओं का मेला था और इस मेले को देखकर तत्कालीन विधायक अतुल गर्ग ने संजीव शर्मा को अब तक का सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष बताया था। इस जन्मदिन के बाद अगला जन्मदिन आया और सियासत ने अपना रंग दिखाया। ये सैलिब्रेशन था और तब कुछ चेहरों ने इसलिये दूरी बना ली क्योंकि महानगर अध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर सस्पेंस था और दूरी बनाने वालों को इसी में भलाई नजर आई। क्योंकि उन्हें लग रहा था कि अगर कोई और अध्यक्ष हो गया तो फिर वहां क्या बताएंगे। कोई रिस्क नहीं लेना चाहता था, लेकिन दो दिन बाद जब बाजी पलटी तो दूरी बनाने वाले भी पलट गए और वो दो दिन बाद बुके लेकर संजीव शर्मा को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे।

संजीव शर्मा बड़े दिल के नेता हैं लिहाजा इन बातों को दिल पर नहीं लेते हैं और उन्होंने बड़े दिल से बधाई भी स्वीकार की। फिर साल बदला और फिर हाल बदला और अब संजीव शर्मा शहर विधायक हैं। उनका जन्मदिन आ रहा है तो ऐसे में ये देखना रोचक रहेगा कि कार्यकताओं में कितना जोश रहता है। अध्यक्ष होते हुए वो तीन विधानसभाओं के अध्यक्ष थे और अब वो एक विधानसभा के विधायक हैं। ऐसे में उस पार से कितने लोग बधाई देने आएंगे ये देखना रोचक रहेगा।

इस पार से कितने लोग पहुंचेंगे ये देखना रोचक रहेगा और इस बार कितने पार्षद शहर विधायक को बधाई देने पहुंचेंगे इस पर सबकी नजर रहेगी। जन्मदिन का स्थान अग्रसेन भवन के सामने वाला बैंक्वेट हॉल रहेगा और नजर इसी बात पर रहेगी कि टीआरपी वाले नेता को कितनी बधाई मिलती है।

## पीएम मोदी आज वाराणसी आएंगे

# मॉरिशस के प्रधानमंत्री से करेंगे द्विपक्षीय संबंधों को लेकर बातचीत



**वाराणसी। करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी पहुंच रहे है। गुरुवार सुबह 10:30 मिनट पर प्रधानमंत्री वाराणसी पहुंचेगे। वह मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ द्विपक्षीय वार्ता में शामिल होंगे। मॉरिशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम आज यानि बुधवार शाम 6 बजे वाराणसी पहुंच रहे हैं। उनका उत्तर प्रदेश की पारंपरिक संस्कृति के जरिए स्वागत किया जाएगा। उनके सम्मान में बाबतपुर हवाई अडडे पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मॉरिशस के प्रधानमंत्री के आगमन से पहले पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा का जायजा लिया।

इस दौरान 5 हजार पुलिसकर्मी, 50 गजेटेड ऑफिसर, 15 आईपीएस अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। जानकारी के अनुसार, होटल ताज में भारत और मॉरिशस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को लेकर कई समझौते किए जाएंगे। 11 से 1 बजे तक चलेगी दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत चलेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

# ट्रंप का भारत विरोधी जोश पडा ढीला पेश किया बातचीत का प्रस्ताव

## पीएम मोदी ने जताई सहमति

**नई दिल्ली। करंट क्राइम।** 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत की प्रतिक्रिया से अमेरिकी राष्ट्रपति का जोश ढीला पड गया है। आज उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधों में सुधार के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है।

ट्रंप भारत के प्रति थोड़े नरम दिखने लगे हैं। ट्रंप ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताया और भारत-अमेरिका के बीच व्यापार संबंधी वातालर्प करने की बात कही। पीएम मोदी ने भी ट्रंप के इस पोस्ट का जवाब दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में भारत-अमेरिका को दोस्त बताया और व्यापार को लेकर ट्रंप से बातचीत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी व्यापार वाताएं भारत-अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। हमारी टीमें इन चचाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत के लिए भी उत्सुक हूं। हम दोनों देशों के लोगों के लिए एक उज्जवल और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।



सूत्रों के मुताबिक भारत के मुख्य व्यापार वातार्कार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल अमेरिका वातार्कारों के साथ व्यापार को लेकर वापस बातचीत शुरू करने के लिए अगले हफ्ते वाशिंगटन जाने वाला है, हालांकि अभी इसकी तारीख तय हो रही है। नई दिल्ली और वाशिंगटन व्यापार वार्ता को पटरी पर लाने के लिए लगातार टेलीफोन के जरिए जुड़े हैं। दोनों देशों के बीच वापस पटरी लौट रहे व्यापार समझौते को इस बात समझा जा सकता है कि अमेरिका से एक प्रतिनिधिमंडल 17-18 सितंबर 2025 को भारत आ रहा है, जिसका मकसद तकरीबन 3 अरब डॉलर की कीमत के 6 एंटी सबमरीन वॉरफेयर विमानों की कीमतों को लेकर भारत की चिंता को कम करना है। दोनों देश इसी महीने तेजस मार्क 1 फाइटर जेट को पावर देने के लिए 113 विमान इंजन खरीदने के समझौते पर भी हस्ताक्षर करेंगे।

# दिल्ली में बनेगा हाई-मोबिलिटी कॉरिडोर!

## सराय काले खां से IGI तक ट्रैफिक होगा सिग्नल फ्री



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सरकार एक हाई-मोबिलिटी कॉरिडोर बनाने जा रही है। ताकि दिल्ली के जाम से लोग बिना परेशानी के आईजीआई एयरपोर्ट तक आसानी से पहुंच सकें। सराय काले खां से एम्स-महिपालपुर तक 5000 करोड़ रुपये की लागत से हाई-मोबिलिटी कॉरिडोर बनाने की तैयारी चल रही है।

सराय काले खां से एम्स-महिपालपुर तक हाई-मोबिलिटी कॉरिडोर पर लगभग 5000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। केंद्र सरकार की इस योजना पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) डीपीआर तैयार करने में जुटा है। यह कॉरिडोर दिल्ली-मेरठ, दिल्ली-देहरादून और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से आने वाले वाहनों को बिना रिंग रोड और मध्य दिल्ली से होकर गुजरे, सीधे दक्षिण दिल्ली और आईजीआई एयरपोर्ट तक पहुंचने का सिग्नल फ्री रास्ता देगा। नाम न बताने की शर्त पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने चिंता जताई थी। उसमें कहा था कि एम्स से महिपालपुर बाईपास तक बनने वाला 20 किलोमीटर का कॉरिडोर मध्य दिल्ली की भीषण जाम समस्या को पूरी तरह हल नहीं कर पाएगा। मौजूदा समय दिल्ली-मेरठ और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे सराय काले खां पर रिंग रोड से जुड़ते हैं। साथ ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का डीडीएनडी-जेवर लिंक भी यहीं से शुरू होगा। ऐसे में आने वाले समय में सराय काले खां पर ट्रैफिक का भारी दबाव होगा। इससे निपटने के लिए सराय काले खां से एम्स-महिपालपुर कॉरिडोर तक 5-6 किलोमीटर लंबी टनल या एलिवेटेड कॉरिडोर की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके विकल्प के तौर पर तालकटोरा स्टेडियम या 11 मूर्ति क्षेत्र से भी कनेक्टिविटी पर विचार किया जा रहा है।

### अभी कागजों में है योजना

एनएचएआई ने इस परियोजना के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए मई में परामर्श सेवाओं की निविदा निकाली गई थी, इसमें प्रोजेक्ट का दायरा, एलाइन्मेंट, लागत और निर्माण तकनीक पर काम किया जाएगा। अभी यह परियोजना योजना स्तर पर है, लेकिन इसकी दिशा तय होने के बाद अगले चरण में निर्माण की निविदा जारी की जाएगी।

### एनसीआर के वाहन सीधे जा सकेंगे एयरपोर्ट

योजना का उद्देश्य है कि एनएच-48 (दिल्ली-गुरुग्राम हाईवे), एमजी रोड और रिंग रोड पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सके। फिलहाल दिल्ली और गुरुग्राम के बीच यातायात का सबसे बड़ा बोझ दिल्ली-गुरुग्राम हाईवे झेल रहा है। नया कॉरिडोर एम्स और आईएनए होते हुए महिपालपुर तक जुड़ेगा और आगे यह मेहरौली-गुरुग्राम रोड से भी जुड़ेगा। इससे गुरुग्राम से गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा जाने वाले वाहनों को सीधा वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा और उन्हें रिंग रोड या आंतरिक सड़कों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सरकार की इस योजना को राजधानी में यातायात प्रबंधन में एक बड़े सुधार के रूप में देखा जा रहा है। यह परियोजना पूरी होने के बाद सराय काले खां, रिंग रोड, आईएनए और दक्षिणी दिल्ली की प्रमुख सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा।

# महागठबंधन में सीट बंटवारे पर बोली कांग्रेस, 'अच्छी और कमजोर सीटों के बीच संतुलन जरूरी'

**नई दिल्ली।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी जोर आजमाइश शुरू कर दी है। एनडीए और विपक्षी इंडिया गठबंधन के बीच सीट बंटवारा सबसे अहम मुद्दा है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर प्रतिक्रिया दी है। बिहार में महागठबंधन के दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर चल रही बातचीत के बीच कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि सीटों का बंटवारा करते समय अच्छी और कमजोर सीटों में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। साथ ही, अगर नए दल गठबंधन में शामिल होते हैं, तो मौजूदा सभी दलों को अपनी-अपनी सीटों में से कुछ सीटें छोड़नी होंगी। यह बयान उस समय आया है जब



महागठबंधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) को शामिल करने की चर्चा चल रही है।

भाजपा पर कांग्रेस बिहार प्रभारी ने साधा निशाना कांग्रेस नेता और बिहार के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से वोट चोरी की जा रही है। उन्होंने कहा, 'पहले चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया बदली गई, मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया और गृहमंत्री को शामिल किया गया। फिर कानून में बदलाव कर यह सुनिश्चित किया गया कि चुनाव आयुक्त के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके। इसके बाद मतदाता सूची में हेराफेरी की गई और चुनाव के दिन गड़बड़ी की गई।'

'आधार का 12वां पहचान पत्र बनना जनता की जीत' बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि कांग्रेस की 'वोटर अधिकार यात्रा' से यह मुद्दा उठाया गया कि बिहार में विशेष मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर) के दौरान पहचान के 11 दस्तावेजों में आधार कार्ड शामिल नहीं था।

अब सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि आधार को भी मान्यता दी जाए। उन्होंने कहा, यह जनता की जीत है। दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं ने बनाई तमाम रणनीति मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने बिहार के नेताओं के साथ बैठक की। इसमें सीट बंटवारे, चुनाव प्रचार और उम्मीदवार चयन को लेकर रणनीति तय की गई।

### वाराणसी लोकसभा सीट पर धांधली का आरोप

कृष्णा अल्लावरु ने उदाहरण देते हुए कहा, 'वाराणसी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार कई राउंड तक आगे थे, लेकिन लाइव अपडेट अचानक रोक दिए गए और आखिरी समय में नरेंद्र मोदी को विजेता घोषित कर दिया गया।' उन्होंने कहा कि वोट चोरी करने वाली सरकार जनता की समस्याओं जैसे महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, अपराध और पेपर लीक की परवाह नहीं करती।

### 'अच्छी और कमजोर सीटों के बीच संतुलन जरूरी'

वहीं बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे पर उन्होंने कहा, 'हर राज्य में कुछ सीटें अच्छी होती हैं, कुछ कमजोर। एक ही पार्टी को सिर्फ अच्छी सीटें और दूसरी पार्टी को कमजोर सीटें नहीं दी जानी चाहिए। हमारा प्रयास है कि सभी दलों को संतुलित हिस्सेदारी मिले।' उन्होंने साफ किया कि फिलहाल राहुल गांधी की अगुवाई में कोई नई यात्रा (यात्रा कार्यक्रम) निकालने की योजना नहीं है।

# दो दिन बाद फिर खुला काठमांडू एयरपोर्ट

## बड़ी संख्या में पर्यटक फंसे, सेना ने जारी किए निर्देश

**काठमांडू।** काठमांडू एयरपोर्ट को दो दिन बाद फिर से खोल दिया गया है। यह एयरपोर्ट हिंसक प्रदर्शनों के कारण बंद कर दिया गया था, जिससे बड़ी संख्या में पर्यटक फंस गए थे। अब स्थिति सामान्य होने के बाद हवाई संचालन बहाल कर दिया गया है।

नेपाल में बड़े पैमाने पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सैकड़ों विदेशी नागरिक फंसे हुए हैं। हिंसक प्रदर्शन के कारण दो दिनों तक बंद रहने के बाद त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (टीआईए) बुधवार को आधिकारिक तौर पर फिर से खोल दिया गया है। मंगलवार को हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद जब प्रदर्शनकारियों ने हवाई अड्डे के परिसर में घुसने की कोशिश की, तो प्रशासन ने हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं आंशिक रूप से निलंबित कर दी थीं।

टीआईए नागरिक उड्डयन कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी एक



सार्वजनिक सूचना के अनुसार, हवाई अड्डे की सुरक्षा समिति की बुधवार को हुई बैठक के बाद परिचालन फिर से शुरू करने का फैसला लिया गया। 9 सितंबर से निलंबित सभी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को अब परिचालन की अनुमति दे दी गई है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी संबंधित एयरलाइनों से उड़ान कार्यक्रम की जानकारी लें और टिकट व सामान की व्यवस्था की पुष्टि कर लें।

नेपाल सेना ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन की आड़ में संभावित हिंसा को रोकने के लिए देशव्यापी प्रतिबंधात्मक आदेश और उसके बाद कर्फ्यू लगा दिया है। हवाई अड्डे के बंद होने से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों उड़ानें प्रभावित हुई हैं। जिससे सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। एयरलाइनों ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपडेट के लिए अपनी संबंधित एयरलाइन कंपनियों के संपर्क में रहें।

होटल एसोसिएशन नेपाल (एचएएन) ने बुधवार को सभी हितधारकों से पर्यटकों की आवाजाही के लिए एक पर्यटक-अनुकूल माहौल बनाने में मदद करने का आग्रह किया। एचएएन ने एक बयान में कहा, चूँकि देश एक कठिन परिस्थिति से गुजर रहा है और हवाई अड्डा बंद है, इसलिए फंसे हुए पर्यटकों का प्रबंधन करना जरूरी है। प्रदर्शनकारियों द्वारा हवाई अड्डे में घुसने की कोशिश के बाद नेपाल सेना ने हवाई अड्डे को अपने कब्जे में ले लिया था। एयर इंडिया नई दिल्ली और काठमांडू के बीच प्रतिदिन छह उड़ानें संचालित करती है, लेकिन मंगलवार को उसने चार उड़ानें रद्द कर दीं। इंडिगो और नेपाल एयरलाइंस ने भी दिल्ली से काठमांडू के लिए अपनी उड़ानें रद्द कर दीं। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, 10 सितंबर को काठमांडू आने-जाने वाली एयर इंडिया की उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

### पर्यटकों के लिए जारी किया हॉटलाइन संपर्क नंबर

एचएएन ने कहा कि वह पर्यटकों के आवश्यक प्रबंधन और सुविधा के लिए नेपाल पर्यटन बोर्ड और नेपाल सेना के साथ समन्वय कर रहा है। उसने फंसे हुए पर्यटकों के आवास की सुविधा के लिए एक हॉटलाइन संपर्क नंबर 9851031495 भी जारी किया है।

### होटल एसोसिएशन नेपाल ने मांगी मदद

नेपाल सेना ने एक बयान में कहा है कि मौजूदा कठिन परिस्थितियों के कारण फंसे विदेशी नागरिक अपने बचाव या किसी अन्य मदद के लिए नजदीकी सुरक्षा चौकी या सुरक्षाकर्मियों से संपर्क करें। इसने होटलों, पर्यटन उद्यमियों और संबंधित एजेंसियों से भी जरूरतमंद विदेशी नागरिकों को जरूरी मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया है।

## 'बंगाली में और ज्यादा बोलो, डरने की जरूरत नहीं...'

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किया आह्वान

**पश्चिम बंगाल।** ममता बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में एक कार्यक्रम के दौरान जनता से आह्वान किया कि वे बिना घबराए और ज्यादा बंगाली में बातचीत करें। उन्होंने यह बयान पश्चिम बंगाल के प्रवासी श्रमिकों पर हो रहे कथित हमलों की पृष्ठभूमि में दिया है। उन्होंने नेपाल में फंसे राज्य के लोगों से अपील की कि वे घबराएं नहीं, उन्हें जल्द सुरक्षित वापस लाया जाएगा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को जनता से आग्रह कि वे बंगाली में ज्यादा बोलें और डरें नहीं। उनका यह बयान राज्य के प्रवासी मजदूरों पर हो रहे कथित हमलों की पृष्ठभूमि में आया है। बनर्जी ने कहा, बंगाली में ज्यादा बोलो, डरो मत। हम स्पष्ट कहना चाहते हैं कि हम अपनी मातृभाषा यानी बंगाली ही बोलेंगे। लेकिन हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि जो प्रवासी मजदूर वापस बंगाल लौटेंगे, उन्हें सरकार की ओर से पांच हजार रुपये दिए जाएंगे और उनके बच्चों को नजदीकी स्कूल में दाखिला मिल सकेगा। जलपाईगुड़ी में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, मैं रोज अपमान झेलती हूं, क्योंकि मैं बंगाल का विकास चाहती हूं।

नेपाल की स्थिति पर ममता बनर्जी ने कहा, नेपाल में फंसे पर्यटकों की स्थिति को मैं गंभीरता से ले रही हूं। मैं उन्हें यह कहना चाहती हूं कि जब तक हालात सामान्य न हो जाएं, वे थोड़ा इंतजार करें। हम इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं और जल्द ही आप सभी को वापस लाया जाएगा।



मंगलवार को नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह इस्तीफा युवाओं के उस आंदोलन के दबाव में दिया, जिसने पूरे नेपाल को राजनीतिक और सामाजिक रूप से हिला कर रख दिया है।

प्रदर्शनकारियों ने कई बड़े नेताओं के घरों में आग लगा दी, राजनीतिक दलों के दफ्तरों पर हमला किया, संसद में तोड़फोड़ की और पूरी सरकार को हिला दिया। ओली सरकार ने कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाए थे, जिसके बाद युवाओं ने यह आंदोलन शुरू किया। आंदोलन पहले ही दिन हिंसक हो गया था, जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई थी।

# आप विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा दोषी करार

## 12 साल पुराने मामले में अदालत ने सुनाया फैसला, दो दिन बाद सजा





**पंजाब।** चार मार्च 2013 को श्री गोइंदवाल बाइपास स्थित पंजाब इंटरनेशनल पैलेस में कुछ टैक्सी चालकों ने एक अनुसूचित परिवार की लड़की के साथ छेड़छाड़ की थी। विरोध पर उसके साथ मारपीट की गई थी। आरोपियों में मनजिंदर सिंह लालपुरा का नाम भी शामिल था।

लड़की के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने के मामले पर 12 वर्ष बाद एडिशनल सेशन जज प्रेम कुमार की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने खडूर साहिब से आम आदमी पार्टी के विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा समेत सभी 12 आरोपियों को दोषी करार दे दिया। इन सभी को अदालत के आदेश पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

पंजाब के जिला तरनतारन के अंतर्गत आते गांव से संबंधित अनुसूचित जाति की लड़की अपने पिता पूर्व सैनिक और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ चार मार्च 2013 को श्री गोइंदवाल बाइपास स्थित पंजाब इंटरनेशनल पैलेस में गई थी। वहां पर मौजूद कुछ टैक्सी चालकों (ड्राइवरों) ने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। मौके पर पहुंची थाना सिटी की पुलिस पार्टी ने भी लड़की और उसके परिवार की सरेराह मारपीट की।

### सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था मामला

घटनाक्रम का वीडियो एक फोटोग्राफर ने रिकार्ड कर लिया था। अगले दिन पीड़ित परिवार वीडियो लेकर थाना सिटी तरनतारन पहुंचा। मामला मीडिया में काफी उछला था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पीड़ित परिवार को केंद्रीय सुरक्षा मुहैया करवाई गई।

एससी कमिशन के राष्ट्रीय चेयरमैन डा. राज कुमार वेरका ने भी मामले का संज्ञान लिया। आखिर थाना सिटी में मुकदमा नंबर 59/13 दर्ज किया गया। जिसमें टैक्सी चालक हरविंदर सिंह शोशी के अलावा साहबा (अब खडूर साहिब के विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा) को एफआईआर में नामजद किया गया। इसके अलावा थाना सिटी में तैनात उस पुलिस पार्टी को भी आरोपी बनाया गया जिन्होंने पैलेस के बाहर मारपीट की थी।

### 12 को सुनाई जाएगी सजा

सुबह दस बजे आरोपी विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा, गगनप्रीत सिंह, गुरदीप राज के अलावा पुलिस कर्मी दविंदर कुमार, सार्ज सिंह, कंवलदीप सिंह, नरिंदर सिंह, अश्विनी कुमार, तरसेम सिंह, हरजिंदर सिंह अदालत में पेश हुए। अदालत ने दोपहर 12.10 बजे सभी को दोषी करार दिया और सजा के लिए 12 सितंबर की तिथि घोषित की। अदालत का फैसला आते ही कचहरी परिसर पुलिस छावनी में तबदील हो गया। विधायक लालपुरा समेत सभी को हिरासत में ले लिया गया।

### आठ सितंबर को हुई थी अंतिम बहस

छेड़छाड़ व मारपीट के इस बहु-चर्चित मामले की सुनवाई एडिशनल सेशन जज (तरनतारन) प्रेम कुमार की अदालत में चल रही थी। आठ सितंबर को अंतिम बहस हुई। जिसके बाद अदालत ने अंतिम सुनवाई के लिए 10 सितंबर का समय तय किया था।

# नागरिक बनने से पहले मतदाता सूची में शामिल था सोनिया गांधी का नाम

## अदालत ने फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली एक याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि उनका नाम भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया था।

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली एक याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि उनका नाम भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया था। मामले पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने कहा कि मैं फैसला सुरक्षित रख रहा हूं।

शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग ने कहा कि मुद्दा यह है कि जनवरी 1980 में सोनिया गांधी का नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता के रूप में जोड़ा गया था, जबकि वह भारतीय नागरिक नहीं थीं। उन्होंने कहा, पहले आपको नागरिकता की सीमा पूरी करनी होगी, उसके बाद ही आप किसी क्षेत्र के निवासी बनेंगे। नारंग ने कहा कि 1980 में निवास का प्रमाण संभवतः राशन कार्ड और पासपोर्ट था। उन्होंने कहा अगर वह (सोनिया गांधी ) नागरिक थीं, तो 1982 में




उनका नाम क्यों हटाया गया? उस समय चुनाव आयोग ने दो नाम हटाए थे, एक संजय गांधी का, जिनकी विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, और दूसरा सोनिया गांधी का।नारंग ने कहा कि चुनाव आयोग को जरूर कुछ गड़बड़ी मिली होगी जिसके कारण उनका नाम मतदाता सूची से हटाया गया।

अधिवक्ता नारंग ने कहा कि गांधी का नाम 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता के रूप में मतदाता सूची में शामिल था, जिसे 1982 में हटा दिया गया था, और 1983 में उनके भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के बाद फिर से दर्ज किया गया।

दरअसल विकास त्रिपाठी नामक व्यक्ति की तरफ से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी का नाम 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था, जबकि वह अप्रैल 1983 में भारत की नागरिक बनी थीं। त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि गांधी का नाम 1980 में मतदाता सूची में शामिल किया गया था, 1982 में हटाया गया और फिर 1983 में फिर से जोड़ा गया। त्रिपाठी के वकील ने कहा कि उनका भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन भी अप्रैल 1983 का है। 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में उनका नाम कैसे शामिल हुआ, जिसे फिर 1982 में हटाया गया और 1983 में फिर से दर्ज किया गया।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




करंट क्राइम
ट्वीट का करंट

एडवोकेट विपिन सैनी
28m ·

शब्द और व्यवहार मनुष्य की असली पहचान है
चेहरा और हैसियत का क्या है आज है कल नहीं...।

शुभरात्रि मित्रों
जय श्रीराम

#nature #BJP4IND #friendly #allfollowers
#sainisahab #hardwork #wordoftheday

# लेकर विधायक अजीतपाल त्यागी और संजीव शर्मा को अपने साथ

## सांसद अतुल गर्ग ने लिया है कौन सा सियासी निशाना साध





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में विजिट हो या डिजिट उनका कोई ना कोई मकसद जरूर होता है। राजनीति में बिना मकसद के कोई कदम नहीं उठाया जाता है और जब अचानक से सरकार वालों का प्यार भले ही आपस में एक-दूसरे के प्रति उमड़े तो कुछ ना कुछ कारण तो होता ही है। विधानसभाएं अलग-अलग हैं, लेकिन लोकसभा पांच विधानसभाओं को मिलाकर बनती है और पांच विधानसभाओं की तस्वीरें देखें तो लोकसभा वालों की ज्यादा मेहरबानी शहर वाले विधायक पर है। अभी तक की तस्वीरें गवाही देती हैं कि चाहे रक्षामंत्री का ड्राइंग रूम हो, चाहे विजयनगर की गली का उद्घाटन हो, चाहे सांसद का जन्मदिन हो, या विधायक का जन्मदिन हो तस्वीरों में लोकसभा सांसद के साथ शहर विधायक संजीव शर्मा ही नजर आते हैं। दूसरे विधायकों के दीदार नहीं होते हैं। आखिर वो फोटो फ्रेम में क्यों नहीं आ पाते। इस फ्रेम वाली बात पर चर्चा फिर कभी प्रेम से होगी। आखिर सांसद वाला फोकस उस समय टूटता दिखाई दिया जब सरकारी अस्पताल में शहर विधायक संजीव शर्मा के साथ मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी के दीदार हुए। पता चला कि दोनों ही विधायक अस्पताल में सीएसआर फंड से बन रहे छह कमरों का निरीक्षण करने आए हैं। अब चर्चा इसलिये उठी कि एमएमजी अस्पताल शहर विधानसभा में आता है और यहां मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी को लेकर शहर विधायक निरीक्षण करने पहुंचे हैं, फंड लोकसभा का है।

जाहिर है सियास में चर्चा होनी ही थी क्योंकि सेना की जमीन का मामला हुआ तो लोकसभा वाले और शहर विधानसभा वाले थे। मगर, यहां तो विधानसभा भी शहर वालों की है, अस्पताल भी उन्हीं के क्षेत्र में है तो फिर ये नई जुगलबंदी क्या है। सियासत वाले ये मानकर चल रहे हैं कि कोई तो प्लान काम कर रहा है। क्योंकि अतुल गर्ग सियासत के बड़े खिलाड़ी माने जाते हैं और पावर सेंटर की बात आती है तो फिर यहां चर्चा और बड़ी हो जाती है। क्योंकि अतुल गर्ग जानते हैं कि कौन सा दांव कब चलना है। फिलहाल दो विधायकों का एक साथ आना लोकसभा में किसी प्लान के संकेत दे रहा है।

### गनोली में स्वागत, शहर में निरीक्षण—गाज़ियाबाद की राजनीति में नया समीकरण?



**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के पैतृक गाँव गनोली में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का परंपरागत पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत हुआ। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लोनी को आईटी हब बनाने में प्रदेश सरकार पूरा सहयोग करेगी। लेकिन ठीक इसी दिन, गाज़ियाबाद सांसद अतुल गर्ग विधायक संजीव शर्मा और अजित पाल त्यागी के साथ अस्पताल निरीक्षण करते नजर आए। गाज़ियाबाद की राजनीति के दो बड़े पॉवर सेंटर—सुनील शर्मा और अतुल गर्ग—की ये समानांतर गतिविधियाँ अब सवाल खड़े कर रही हैं। जनता पूछ रही है—क्या यह केवल संयोग है या कोई नया संकेत?



### पीएम के बर्थ डे पर फोड़ा जाएगा उद्घाटन वाला नारियल

**करंट क्राइम।** फंड सीएसआर का है और कमरे छह बने हैं। सूत्र बताते हैं कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर इन छह कमरों के उद्घाटन वाला नारियल फूटेगा। सूत्र ये भी बता रहे हैं कि इस उद्घाटन में किसी बड़े चेहरे को भी बुलाने की योजना तैयार हुई है और इस आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। पार्टी का वो कौन सा बड़ा चेहरा होगा, इसका जल्द ही खुलासा हो जाएगा। क्योंकि उद्घाटन की तिथि घोषित होते ही चीफ गेस्ट का नाम भी समाने आ जाएगा।

# निगम कार्यकारिणी चुनाव पर श्राद्ध का साया क्या अब दशहरे के बाद ही बनेगा नया प्लान

## लगातार उठ रही है हाउस टैक्स वाली मांग पर नहीं हो रहा है कार्यकारिणी पर विचार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर सस्पेंस लगातार गहराता जा रहा है। एक सितंबर को कवि नगर रामलीला मैदान स्थित जानकी भवन में 6 सदस्यों का चुनाव होना तय था।

भाजपा ने अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए थे और निर्विरोध चयन की पूरी तैयारी कर ली गई थी, लेकिन ठीक चुनाव से पहले अनुशासनहीनता और कथित माल कांड की गड़बड़ी सामने आई, जिसके बाद महापौर सुनीता दयाल ने पूरे कार्यक्रम को निरस्त करने के आदेश दिए। इसको लेकर हंगामा हुआ तो सदन से लेकर संगठन के बीच पॉवर वार की तकरार भी देखने को मिली थी।

शब्दों के बाण चले थे, तो पद और पॉवर की भी जमकर चर्चा हुई थी।

### चुनाव रद्द हुए बीत चुके हैं दस दिन

**करंट क्राइम :** कार्यकारिणी कार्यक्रम रद्द हुए अब दस दिन से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन दोबारा चुनाव कब होंगे, इसका कोई स्पष्ट रोडमैप नगर निगम की ओर से सामने नहीं आया है। इस बीच पार्षद हाउस टैक्स के मुद्दे को लेकर लगातार लखनऊ में चक्कर काट रहे हैं और स्थानीय स्तर पर भी कई आंदोलन व प्रदर्शन हो चुके हैं। निगम वाले भी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कार्यकारिणी का चुनाव कब होगा और गाजियाबाद नगर निगम की नीति–निर्धारण टीम कब तक अधूरी रहेगी।

### क्या श्राद्ध पक्ष बन गया है विलेन

**करंट क्राइम :** सूत्रों की मानें तो फिलहाल श्राद्ध पक्ष की वजह से चुनाव प्रक्रिया को स्थगित किया गया है। निगम सूत्रों का कहना है कि धार्मिक मान्यताओं के चलते इस समय कार्यकारिणी की बैठक बुलाना या चुनाव कराना उचित नहीं समझा जा रहा। यही कारण है कि अब तक कोई नई तारीख घोषित नहीं की गई है। हालांकि चुनौतियां यहीं खत्म नहीं होतीं। श्राद्ध पक्ष खत्म होते ही नवरात्र, रामलीला और दशहरे जैसे बड़े आयोजन सामने होंगे। इन आयोजनों में पार्षदों से लेकर अधिकारियों तक सभी की व्यस्तता रहेगी। ऐसे में कार्यकारिणी चुनाव की संभावना दशहरे के बाद ही बनती नजर आ रही है।

### कार्यकारिणी चुनाव को लेकर कब तक रहेगा सस्पेंस

**करंट क्राइम :** भाजपा ने जिन चेहरों को पहले कार्यकारिणी चुनाव में मैदान में उतारा था, वे फिलहाल इंतजार की मुद्रा में हैं। लेकिन अब देखना होगा कि क्या वही चेहरे दोबारा पार्टी की ओर से उतारे जाएंगे या फिर बदलती परिस्थितियों में नए नाम सामने आएंगे। कुल मिलाकर नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव अभी तक सस्पेंस में है और शहर की राजनीति में यही चर्चा है कि क्या यह चुनाव वाकई दशहरे तक टल जाएगा या अचानक निगम प्रशासन नई तारीख घोषित कर चौंका देगा।

# नेता वही जो देला हो जनता की समस्या पर संज्ञान

## बुजुर्गों और विकलांगों की समस्या पर खींचा है इंद्रजीत सिंह टीटू ने सभी का ध्यान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लीडर वही होते हैं जो जन समस्याओं को कंसिडर करते हैं। वो इस बात का ध्यान रखते हैं कि लोग परेशान ना हों। रालोद के राष्ट्रीय नेता सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने उस समस्या पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया है जो तहसील के रजिस्ट्री कार्यालय में आने वाले बुजुर्ग लोगों की है, विकलांगों की है। रजिस्ट्री ऑफिस में बड़ी तादात में लोग आते हैं और इनमें एक बड़ी संख्या ऐसे बुजुर्गों की होती है जो बढ़ती आयु में घुटनों के दर्द से परेशान हैं। विकलांग लोगों की भीये समस्या है। सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा और उन्होंने कहा कि तहसील कंपाउंड में स्थित रजिस्ट्री ऑफिस में लोग रेवेन्यू देते हैं, लेकिन यहां रजिस्ट्री ऑफिस में लिफ्ट का इंतजाम नहीं है। इन लोगों को पहली, दूसरी या तीसरी मंजिल पर पैदल चलकर जाना किसी कष्ट से कम नहीं है।

इंद्रजीत सिंह टीटू ने इस बात पर भी हैरानी जताई है कि अब तक ये इंतजाम होना चाहिए था, लेकिन ये सुविधा अब तक नहीं मिली है। उन्होंने एक ऐसे मामले का भी उल्लेख किया, जिसमें एक बुजुर्ग दम्पत्ति को व्हील चेयर पर आना पड़ा था और वो पहली मंजिल तक ही नहीं चढ़ सकते थे। व्हील चेयर ले जाने का रास्ता नहीं था। तब स्टाफ ने नीचे आकर ही उनके हस्ताक्षर और फोटो लिये थे। इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि यह केवल एक केस में हो पाया, लेकिन ये परेशानी रोजाना ही सैकड़ों बुजुर्गों की हैं।

उन्होंने यहां लिफ्ट लगाए जाने की मांग की है। रालोद नेता ने शहर विधायक संजीव शर्मा को भी पत्र लिखा है और रजिस्ट्री ऑफिस में सीनियर सिटीजन के लिये लिफ्ट की सुविधा कराए जाने की मांग की है।

# भाजपा नेता की चिंगारी पर सुलग उठी आग

# होटल पर पहुंचकर महिलाओं ने कर दी जोड़ों की कुटाई

## नवयुग मार्केट में दूसरे दिन भी होटल पर जारी रहा हंगामा, जोड़ों को कमरे में घुसकर पीटा




**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सिटी जोन में होटल में हो रहे अनैतिक कार्य और देह व्यापार को लेकर स्थानीय महिलाओं का गुस्सा बुधवार को भी नहीं थमा। भाजपा नेता ने मंगलवार की रात यहां पहुंच कर कहा था कि अगर होटल के आसपास इस तरीके की महिलाएं दिखे तो उनपर चप्पल की बौछार कर दो।

बुधवार को भी यहां कुछ महिलाएं देखी गई। जिसके बाद स्थानीय लोग लाठी-डंडे लेकर होटल पहुंच गए और कमरे में घुस-घुस कर जोड़ों की पिटाई शुरू कर दी। हंगामा बढ़ा तो स्थानीय पुलिस चौकी और थाने से फोर्स पहुंचा, भीड़ को समझने का प्रयास किया गया लेकिन महिलाओं के आगे पुलिस असहाय नजर आई। उधर मौके पर मौजूद महिलाओं का कहना थी कि अगर पुलिस अब तक कुछ नहीं कर पाई, तो अब महिलाओं को ही ऐसे लोगों को सबक सिखाना होगा। बता दें कि शहर के कई ऐसे इलाके हैं जहां पर होटलों में इस तरीके के अनैतिक कार्य संचालित हो रहे हैं।

### नियमों को ताक पर रखकर चल रहे हैं बड़ी संख्या में होटल

करंट क्राइम : बीते दिनों प्रशासन के द्वारा जानकारी दी गई थी कि गाजियाबाद में बड़ी संख्या में ऐसे होटल ,सराय और रेस्टोरेंट कमरे संचालित किया जा रहे हैं। जहां अलग-अलग छह विभागों से ना तो कोई एनओसी और ना ही वह नियमों के अनुरूप चल रहे हैं। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के इस तरीके के अड्डे चलने की जानकारी, स्थानीय लोगों के द्वारा दी जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे धंधे में स्थानीय पुलिस की मिली भगत है। लिहाजा पुलिस वालों और चौकी पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

इस मामले में डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। पुलिसकर्मी दोषी पाए जाएंगे, तो उनपर भी एक्शन होगा। वहीं स्थानीय लोगों से अनुरोध किया गया है कि वह कानून व्यवस्था अपने हाथ में ना लें, ऐसे मामलों की शिकायत सीधे पुलिस के उच्च अधिकारियों और यूपी 112 पर करें। फिलहाल नवयुग मार्केट के दो होटलों पर पुलिस ने ताला डाल दिया है।

### गैर कानूनी ढंग से चलता है जिस्मफरोशी का धंधा

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में स्थानीय लोगों और महिलाओं का आरोप है कि नवयुग मार्केट में अंबेडकर पार्क और उसके आसपास कुछ होटल हैं, जहां जिस्मफरोशी का धंधा चलता है। यहां घंटे के रेट पर होटल के कमरे दिए जाते हैं। यहां किस तरीके की महिलाएं, ग्राहकों को लेकर पहुंचते हैं और उनके साथ मौजूद रहती हैं। बुधवार को ऐसे ही सूचना के बाद स्थानीय महिलाएं, लोग और कुछ लोग जमा हो गए और एक होटल में जमकर हंगामा किया। बाद में पुलिस पहुंची और मामले को रफा–दफा करने का काम किया है। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। जिसमें पुलिसकर्मी लोगों को रोकते हुए नजर आ रहे हैं। तो महिलाएं कमरों में घुसी और जोड़ों की डंडे से पिटाई करती हुई दिख रही हैं।

# 9 अक्टूबर की जनसभा के लिए प्रत्येक जिले से 20 हजार लोगों को ले जाएगी बसपा

## पश्चिम के प्रभारी मुनकाद अली ने मेरठ में ली बैठक, सब काम छोडकर जनसभा की तैयारी में जुट जाने के निर्देश




**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले बसपा ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में दमदार तरीके से वापसी का पूरा खाका तैयार कर लिया है। पार्टी ने बूथ और सेक्टर स्तर पर संगठन को मजबूत करने के बाद अब अपना शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है। इसके लिए बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्य तिथि को चुना गया। कांशीराम की पुण्य तिथि 9 अक्टूबर को बसपा की ओर से लखनउ में विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस जनसभा में दस लाख से ज्यादा भीड जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। बसपा सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में अबतक की सबसे बडी जनसभा का आयोजन किया जाएगा।

बसपा महानगर उपाध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि जनसभा के लिए ट्रेन की बुकिंग का प्रयास किया जा रहा है। गाजियाबाद से ट्रेन और बसों के जरिए कार्यकर्ता और समर्थकों को लखनउ ले जाया जाएगा।

2022 के विधानसभा के चुनाव में बसपा मात्र एक सीट ही जीत पाई थी, जबकि 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी से एक लोकसभा सीट भी नहीं जीत पाई। इतना ही नहीं बसपा के राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छीनने का भी खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में बसपा के लिए साल 2027 में होने वाला विधानसभा चुनाव उसके अस्तित्व की लड़ाई बन गई है। बसपा ने फैसला किया है कि कांशीराम के पुण्यतिथि पर भीड़ जुटाकर ना सिर्फ विपक्ष को अपनी ताकत दिखाएंगी, बल्कि कार्यकताओं में उर्जा का संचार कर खोई हुई जमीन को हासिल करेगी।

9 अक्टूबर को लखनऊ में बने कांशीराम स्मारक पर एक बड़ा आयोजन किया जाएगा और दावा है कि दस लाख से ज्यादा की भीड़ जुटाने की तैयारी की जा रही है। इस भीड़ के जरिए यह बताने की कोशिश होगी कि बसपा का कैडर अभी भी बसपा के साथ है और बसपा 2027 में 2007 वाला करिश्मा दोहराने की ताकत रखती है। 7 अगस्त को लखनऊ पार्टी कार्यालय में देश भर के पार्टी के नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मायावती ने कांशीराम के पुण्यतिथि पर बड़ा आयोजन का ऐलान करते हुए नेताओं को इसकी अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी थी।

### प्रत्येक जिले से बीस हजार लोग जाएंगे

करंट क्राइम। इस जनसभा की तैयारियों के लिए बसपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर संगठन के अन्य कार्यों को रोककर सिर्फ इस जनसभा के लिए कार्यकताओं की बैठक की जा रही है। इसी सिलसिले में पश्चिम उप्र के सभी चार मंडलों के प्रभारी पूर्व सांसद मुनकाद अली ने बुधवार को मेरठ में मेरठ मंडल के सभी जिलों के पदाधिकारियों की बैठक की। बैठक में तय किया गया कि प्रत्येक जिले से 20 हजार लोगों को जनसभा में ले जाया जाएगा। इसके लिए बसों के इंतजाम और जाने वाले कार्यकताओं और समर्थकों की सूची बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

### छोटी छोटी नुक्कर बैठकों पर ज्यादा जोर

करंट क्राइम। बसपा के रणनीतिकारों ने फिर से पुरानी ताकत को हासिल करने के लिए गली मुहल्लों में छोटी–छोटी बैठकें करने पर जोर दिया है। गाजियाबाद में पार्टी ने पिछले तीन–चार महीनों के अंदर ऐसी करीब दो सौ बैठकें की जा चुकी है। बसपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने बताया कि विधानसभा वार इन बैठकों में भले दस स पंद्रह लोग शामिल हो लेकिन इन बैठकों के जरिए समर्थकों तक अपनी बातें पहुंचाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की सभी पांच विधानसभाओं में बूथ और सेक्टर कमेटियों का गठन हो गया है।

## संपादकीय

# जीत संग जिम्मेदारी

उपराष्ट्रपति चुनाव में NDA के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत अप्रत्याशित नहीं है। संख्या बल शुरू से उनके साथ था। I.N.D.I.A. ब्लॉक सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी. सुदर्शन रेड्डी को चुनाव मैदान में उतारकर एक मेसेज देना चाहता था और इसमें वह काफी हद तक सफल रहा। वैसे भी उपराष्ट्रपति चुनाव को केवल वोटों के गणित और सियासी समीकरणों से नहीं तौला जा सकता। असली चुनौती यहां से शुरू होती है।

अतीत से बढ़कर इस चुनाव की नौबत इसलिए आई क्योंकि सत्र के बीच में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा दे दिया। देश के सामने ऐसे स्थिति कभी नहीं आई थी कि संसद का सत्र चल रहा हो और उपराष्ट्रपति अचानक पद छोड़ दें। उनका जाना कई सवाल खड़े कर गया। सीपी राधाकृष्णन को इस अतीत से आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी है। संतुलन की जरूरत वह ऐसे वक्त में यह पद संभालने जा रहे हैं, जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की दीवार बहुत ऊंची हो चुकी है। इसका असर इस इलेक्शन में भी दिखा। दोनों तरफ से तल्खियां साफ नजर आईं और आरोप–प्रत्यारोप वैसे ही लगे, जैसे कि दूसरे चुनावों में लगते हैं। लेकिन, यह अब बीती बात है। कौन साथ रहा और कौन खिलाफ, यह भूलकर नए उपराष्ट्रपति से उम्मीद होगी संतुलन और निरपेक्षता की। उन्हें दोनों पक्षों को साथ लेकर चलना होगा।

संसदीय परंपराओं के अभिभावक सीपी राधाकृष्णन के सामने एक और बड़ी चुनौती है – खुद को अराजनीतिक दिखाना। देश में उपराष्ट्रपति का पद राजनीतिक नहीं होता, लेकिन हाल–फिलहाल में इससे कई राजनीतिक विवाद जुड़ चुके हैं। धनखड़ के साथ विपक्ष की यह शिकायत आम रही कि वह उनको मौके नहीं देते। ऐसे में लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं की कसौटी पर सीपी राधाकृष्णन को भी परखा जाएगा।

सदन की गरिमा उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं और इस नाते सीपी राधाकृष्णन के सामने यह कठिन कार्य है कि वह कैसे उच्च सदन को उसकी गरिमा वापस दिलाते हैं। दुर्भाग्य से राज्यसभा से अब सार्थक बहसों से अधिक हंगामे और शोर–शराबे की खबरें आती हैं। इस मॉनसून सत्र में ही राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी केवल 38.8% रही। ज्यादातर वक्त सदन बाधित रहा और कई अहम मुद्दों पर बहस अधूरी रह गई। उच्च सदन को ज्यादा विचारवान माना जाता रहा है। उसकी यह खोई छवि कैसे लौटती है, नए उपराष्ट्रति पर निर्भर करता है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन–ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी–ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## राशिफल

**मेष :** नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ–परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा।

**वृष :** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी।

**मिथुन :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

**कर्क :** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र–मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह :** वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें।

**कन्या :** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं।

**तुला :** मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें।

**वृश्चिक :** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है।

**धनु :** क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार–व्यवसाय में सावधानी रखें।

**मकर :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर–बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ :** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

**मीन :** प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

# बक्सर-भागलपुर हाईस्पीड कॉरिडोर के तहत मोकामा-मुंगेर खंड के निर्माण को मंजूरी

## 4447 करोड़ होंगे खर्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार में बक्सर-भागलपुर हाई-स्पीड कॉरिडोर के 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-नियंत्रित मोकामा-मुंगेर खंड के निर्माण को हाइब्रिड एन्युइटी मोड (एचएएम) पर मंजूरी दी है। कुल परियोजना लंबाई 82.4 किलोमीटर है और इसका परिव्यय 4,447.38 करोड़ रुपये है।



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह बक्सर से भागलपुर तक कॉरिडोर का एक खंड है। इसका निवेश 4,447 करोड़ रुपये होगा। यह दक्षिणी बिहार की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इसमें अगर हम बक्सर से पटना जाते हैं, तो पहले से ही एक अच्छा नेटवर्क है और आगे पटना से फतुहा और फतुहा से आगे बेगूसराय तक, यह परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है, कुछ छह लेन और कुछ चार लेन की हैं। आज जिस खंड को मंजूरी दी गई है वह मोकामा से मुंगेर तक 82 किलोमीटर और आगे मुंगेर से भागलपुर तक है।

### रेलवे कार्गो का मॉडर शेयर बढ़कर 29% हुआ

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आजादी के बाद रेलवे कार्गो लगातार घट रहा था। 27% के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अब यह बढ़ने लगा है। अब मॉडल शेयर लगभग 29% तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में स्वीकृत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की कुल संख्या लगभग 11 लाख करोड़ रुपये की है, और एक बहुत ही महत्वपूर्ण बदलाव हो रहा है। आप क्षेत्र में देख सकते हैं।

### बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली रेलवे परियोजना

उन्होंने आगे बताया कि कैबिनेट ने बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भागलपुर–दुमका–रामपुरहाट एकल रेलवे लाइन खंड (177 किलोमीटर) के दोहरीकरण को मंजूरी दी। इसकी कुल लागत 3,169 करोड़ रुपये है।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह तीनों राज्यों को जोड़ने वाली एक बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना भी है। अगर हम इस परियोजना को मानचित्र पर देखें, तो यह बिहार से शुरू होकर रामपुरहाट में झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ती है। अभी चलने वाली अधिकतम ट्रेन भागलपुर से मालदा टाउन और रामपुरहाट होते हुए हावड़ा जाती है। इस दोहरीकरण के बाद, कई ट्रेनें भागलपुर से दुमका और वहां से सीधे रामपुरहाट जा सकेंगी। कई पैसेंजर ट्रेनें, मेल एक्सप्रेस ट्रेनें इससे होकर जा सकेंगी और यह देवघर के तीर्थ स्थान को भी जोड़ती है। एक तरह से, दक्षिण बिहार को कोलकाता की ओर जिस कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, वह इस परियोजना द्वारा प्रदान की जाती है।

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार
## सेंसेक्स 323 अंक चढ़ा, निफ्टी 24900 के पार




**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 323.83 अंक उछलकर 81,425.15 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 104.50 अंक की बढ़त के साथ 24,973.10 पर बंद हुआ।

बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 323.83 अंक या 0.40 प्रतिशत चढ़कर 81,425.15 अंक पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 104.50 अंक या 0.42 प्रतिशत बढ़कर 24,973.10 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे बढ़कर 88.10 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

## चुटकुले

दोस्त : भाई, तेरा मोबाइल कहाँ है?
गोलू : साइलेंट पर रखा है।
दोस्त : क्यों?
गोलू : ताकि लोन वाले बैंक वालों को लगे कि मैं सो रहा हूँ!

टीचर : बेटा, बताओ बिजली कहाँ से आती है?
पप्पू : सर, पड़ोसी के घर से
टीचर : वो कैसे?
पप्पू : पापा वहीं से वायर लगा लाए हैं।

दोस्त : भाई, तेरे पास पैसे क्यों नहीं बचते?
गोलू : क्योंकि पैसों को भी लगता हैङ्ग ये लड़का हमारे लायक नहीं है!

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# सुप्रीम कोर्ट ने जीएमआर अध्यक्ष को फार्महाउस खाली करने के निर्देश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ डायल की दायर अपील पर ओंकार इन्फोटेक और जीएमआर सोलर एनर्जी को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई 29 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड और जीएमआर समूह की संस्थाओं को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली स्थित पुष्पांजलि फार्म खाली करने का निर्देश दिया गया था।



इस फार्महाउस का इस्तेमाल वर्तमान में जीएमआर समूह के अध्यक्ष जीएम राव के निवास के रूप में किया जा रहा है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ डायल की दायर अपील पर ओंकार इन्फोटेक और जीएमआर सोलर एनर्जी को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई 29 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी। संपत्ति के मालिक ओंकार इन्फोटेक की याचिका पर उच्च न्यायालय ने 1 सितंबर को डायल और जीएमआर समूह को परिसर खाली करने का निर्देश दिया था।

संपत्ति के पूर्व मालिक- इंडस सोर ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड- ने अप्रैल 2020 में जीएमआर समूह और डायल के पक्ष में एक पट्टा लिखा था। ओंकार इन्फोटेक की संपत्ति की खरीद के बाद, यह नया पट्टादाता बन गया। अप्रैल 2020 में, मुख्य घर सहित 2.45 एकड़ संपत्ति को डायल और अन्य जीएमआर सहयोगियों को 39.6 लाख रुपये के मासिक किराए पर पट्टे पर दिया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 45.6 लाख रुपये कर दिया गया था।

2024 में, ओंकार इन्फोटेक ने रजिस्ट्री के जरिए से इंडस से पुष्पांजलि फार्म्स को 115 करोड़ रुपये में खरीद लिया। ओंकार इन्फोटेक ने संपत्ति का स्वामित्व मांगा और पट्टा समाप्त करने के लिए 15 दिन का नोटिस दिया।



# एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने संभाली कमिश्नरेट में कमान

## सुबह किया पुलिस ऑफिस का निरीक्षण फिर क्राइम कंट्रोल और जनसुनवाई का काम








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एडिशनल सीपी क्राइम एवं मुख्यालय केशव कुमार चौधरी ने चार्ज संभालते ही अपनी कार्यशैली से साफ कर दिया है कि उनकी प्राथमिकता अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई रहेगी। बुधवार को उन्होंने पुलिस मुख्यालय का सुबह-सुबह निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोर्ट रूम, कार्यालय की साफ-सफाई, फरियादियों के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग और चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया है।

तो वहीं कार्यालय में समय से न पहुंचने वाले पुलिसकर्मियों को उन्होंने चेतावनी दी और स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडिशनल सीपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि पुलिस मुख्यालय में आने वाले हर व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और उनकी समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस की विश्वसनीयता तभी बढ़ेगी, जब फरियादी यह महसूस करेंगे कि उनकी बात सुनी जा रही है और उन्हें न्याय मिल रहा है।

### चार्ज लेने के बाद जनसुनवाई पर दे रहे हैं पूरा ध्यान

**करंट क्राइम :** चार्ज लेने के बाद से ही आईपीएस अधिकारी केशव चौधरी प्रतिदिन पुलिस मुख्यालय में बैठकर जनसुनवाई कर रहे हैं। लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुनते हुए, उन्होंने संबंधित शाखाओं को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करना ही उनकी कार्यशैली की पहचान होगी। तो वहीं जनसुनवाई के साथ-साथ वह अपराध नियंत्रण को लेकर भी पूरी तरह सक्रिय हैं। विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों को उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि क्राइम कंट्रोल ही उनकी पहली प्राथमिकता है। गाजियाबाद जैसे बड़े और व्यस्त शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार निगरानी, समय-समय पर समीक्षा और प्रभावी रणनीति जरूरी है। इसी क्रम में उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देकर काम में तेजी लाने को कहा है।

# हम तुम रोड पर जीडीए ने गड्ढे भरकर शुरू किया यातायात सुगम बनाने का कार्य

## रोड से लगी सोसाइटियों के निवासियों ने जताया आभार, जल्द होगा पूर्ण निर्माण कार्य आरंभ







**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर राजनगर एक्सटेंशन की प्रमुख हम तुम रोड पर गड्ढों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। जोन-1 अनुभाग द्वारा गिट्टी व जीएसबी डालकर गड्ढों को भरा गया।

इस मार्ग से सटी सोसाइटियाँ निलाया ग्रीन, महक जीवन, राज विलास, दिया ग्रीन, संचार, मीडोज और मोती रेजीडेंसी लंबे समय से मरम्मत की मांग कर रही थीं। स्थानीय परिवारों ने अस्थायी मरम्मत के लिए आभार जताया और प्रस्तावित सड़क निर्माण में तेजी की उम्मीद जताई। लगभग 2700 मीटर लंबी हम तुम रोड का निर्माण कार्य पहले से प्रस्तावित है, जिसके लिए टोटल स्टेशन सर्वे (ळरर) पूरा किया जा चुका है। साथ ही, बंधा रोड को नूर नगर से जोड़ने वाली 18 और 24 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण कार्य में भी तेजी आई है। किसानों से आपसी सहमति के आधार पर भूमि का क्रय सर्किल रेट के दोगुने मूल्य पर किया जा रहा है।

अब तक लगभग 7.5 करोड़ रुपये का मुआवजा किसानों को दिया जा चुका है और 100% किसानों ने सड़क निर्माण के लिए सहमति दी है। इन सड़कों के निर्माण पर करीब 42 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसमें 32 करोड़ रुपये मुआवजे के रूप में दिए जाएंगे। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, सुनियोजित विकास को गति मिलेगी और राजस्व बढ़ेगा। इसी क्रम में हम तुम रोड, प्रस्तावित कमिश्नरेट रोड और सिकरोड जैसी प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

# संन्यास के बाद भी रोहित-कोहली का टी 20 में जलवा इस दिग्गज ने अपनी प्लेइंग11 में किया शामिल



**ऑस्ट्रेलियाइ** ।ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर बेन कटिंग ने अपनी ऑल-टाइम टी20 कचुनी, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली को जगह मिली. कप्तान और विकेटकीपर धोनी हैं. टीम में क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स, आंद्रे रसेल, शेन वॉटसन, राशिद खान, सुनील नारायण, जसप्रीत बुमराह और लसिथ मलिंगा शामिल हैं. किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी को स्थान नहीं मिला. रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 से लिया है संन्यास (ढँङ्ग३ङ्गः ऋ़३३८)रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 से लिया है संन्यास ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर बेन कटिंग टी20 क्रिकेट में एक अहम खिलाड़ी रहे हैं. हाल ही में उन्होंने इस साल की शुरूआत में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में हिस्सा लिया था. कटिंग ने अब तक के बेहतरीन टी20 क्रिकेटरों के साथ खेला है. 2016 इंडियन प्रीमियर लीग विजेता कटिंग ने हाल ही में एक मीडिया बातचीत में अपनी ऑल-टाइम टी20 इलेवन चुनी है. उन्होंने ओपनिंग के लिए क्रिस गेल और रोहित शर्मा का नाम लिया. विराट कोहली को नंबर 3 पर जगह मिली, जबकि उनके करीबी दोस्त एबी डिविलियर्स चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे.

# यूएई की पारी शुरू मोहम्मद वसीम-अलीशान शराफू क्रीज पर

## भारत ने टॉस जीतकर चुनी गेंदबाजी




**यूएई की पारी शुरू हो चुकी है। कप्तान मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफू क्रीज पर मौजूद हैं। भारत की तरफ से पहला ओवर हार्दिक पांड्या डाल रहे हैं**

**दुबई ।** यूएई की पारी शुरू हो चुकी है। कप्तान मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफू क्रीज पर मौजूद हैं। भारत की तरफ से पहला ओवर हार्दिक पांड्या डाल रहे हैं। भारत : अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती। संयुक्त अरब अमीरातः मोहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, मोहम्मद जोहैब, राहुल चोपड़ा (विकेटकीपर), आसिफ खान, हर्षित कौशिक, हैदर अली, ध्रुव पाराशर, मोहम्मद रोहिद खान, जुनैद सिद्दीकी, सिमरनजीत सिंह। भारत ने यूएई के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा, हम पहले गेंदबाजी करेंगे। विकेट अच्छा और ताजा लग रहा है। आज भी नमी है, बाद में ओस पड़ सकती है। अगर हमें मौका मिले, तो हम कुछ भी करने को तैयार हैं, लेकिन आज हम गेंदबाजी करना चाहते हैं। हम यहां जल्दी आ गए, 3-4 अच्छे अभ्यास सत्र किए और एक दिन की छुट्टी भी ली। वहीं, यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम ने कहा कि वे भी गेंदबाजी करने का फैसला कर रहे थे। उन्होंने कहा, हम गेंदबाजी पर भी ध्यान दे रहे थे। पिच ताजा है और शायद गेंद शुरूआत में कुछ हरकत करेगी। हमने अच्छी सीरीज खेली, कई सकारात्मक बातें सीखीं और हम उस सीरीज से आत्मविश्वास से भरे हैं। हम स्पिनरों और तेज गेंदबाजों, जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों के साथ एक अच्छे संयोजन के साथ उतर रहे हैं। मेजबान यूएई के लिए यह टूनामेंट अपनी क्षमता साबित करने का सुनहरा अवसर है। उनके खिलाड़ी जैसे मुहम्मद वसीम, राहुल चोपड़ा और सिमरनजीत सिंह, अनुभवी कोच लालचंद राजपूत के मार्गदर्शन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने को तैयार हैं। यह प्रतियोगिता उनके लिए एशिया की शीर्ष टीमों के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच होगी। मार्च में यहां चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत ने रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे चार स्पिनरों को खिलाया था। हालांकि, इस बार परिस्थितियां बदली हुई हैं। अगर टीम प्रबंधन अक्षर के साथ किसी और स्पिनर को शामिल करने का फैसला करता है, तो उसके पास कुलदीप और चक्रवर्ती जैसे दो अच्छे विकल्प मौजूद हैं। इसके अलावा अभिषेक भी बाएं हाथ से स्पिन करा सकते हैं। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की जगह लगभग तय मानी जा रही है। दोनों के चयन से गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलती है और केवल एक स्थान चयन के लिए बचता है। सितंबर में एशिया कप खेले जाने का मतलब है कि दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच मार्च की तुलना में अधिक हरी-भरी और ताजी होगी जिसमें उछाल भी ज्यादा होगा। नंबर सात पर विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा फिट बैठते हैं।

# बिश्नोई और अर्शदीप सिंह ने टी20 रैंकिंग में किया सुधार, बल्लेबाजों में अभिषेक शीर्ष पर बरकार




**दुबई ।** एशिया कप में यूएई के खिलाफ अभियान शुरू करने से पहले भारतीय गेंदबाजों को आईसीसी की जारी नवीनतम टी20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। स्पिनर रवि बिश्नोई और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह क्रमशः छठे और 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अर्शदीप एशिया कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं। वरुण चक्रवर्ती चौथे स्थान पर हैं, जबकि एक अन्य भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल भी एक स्थान के फायदे के साथ 13वें स्थान पर आ गए हैं।

यशस्वी को हुआ एक स्थान का नुकसान बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं, जबकि तिलक वर्मा दूसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे पायदान पर हैं। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे यशस्वी जायसवाल एक स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर हैं। वह एशिया कप के लिए पांच रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन दोनों एक-एक स्थान के फायदे से 26वें और 34वें स्थान पर हैं।

ऑलराउंडरों की रैंकिंग में हार्दिक का दबदबा कायम ऑलराउंडर की सूची में हार्दिक पांड्या 252 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक ऑलराउंडर बने हुए हैं। यूएई, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय सीरीज की समाप्ति के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग जारी की गई है। पाकिस्तान ने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज जीती थी। वनडे रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों में शुभमन गिल नंबर एक पर बरकरार हैं। कप्तान रोहित शर्मा (दूसरे), विराट कोहली (चौथे) और श्रेयस अय्यर (आठवें) की रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं आया है। वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के कुलदीप यादव एक स्थान के नुकसान से चौथे, जबकि रवींद्र जडेजा दो स्थान के नुकसान से 10वें स्थान पर हैं। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज भी दो-दो स्थान के नुकसान से क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं।

# मुकाबले से पहले यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम ने दी सूर्यकुमार एंड टीम को चुनौती



**दुबई ।** एशिया कप का आगाज हो चुका है। भारत आज अपने अभियान की शुरूआत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ मैच से करेगा। यूं तो सूर्यकुमार यादव एंड कंपनी के सामने टिकना किसी भी टीम के लिए आसान काम नहीं है लेकिन यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम ने कहा है कि उनकी टीम भारत को चुनौती देने के लिए तैयार है। यह मैच यूएई के खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका होगा, जहां उन्हें विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का अनुभव मिलेगा।

### घरेलू हालात का फायदा उठाने का करेंगे

मुकाबले से पहले यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम ने कहा कि उनकी टीम पूरी तरह तैयार है और घरेलू हालात का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, 'हम इस मैच को किसी बड़ी चुनौती की तरह नहीं देखेंगे। हमारे लिए सभी मुकाबले एक जैसे हैं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और गर्मी में भी जमकर अभ्यास किया है। मैच वाले दिन हम अपनी योजना पर अमल करेंगे, बाकी नतीजा खेल पर निर्भर करेगा।' यूएई को हाल ही में मिली थी हार हाल ही में यूएई ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान के खिलाफ एक त्रिकोणीय सीरीज खेली थी, जिसमें उन्हें सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि आखिरी मैच में वे अफगानिस्तान से केवल चार रन से पीछे रह गए थे। भारतीय बल्लेबाजों और स्टार खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति पर पूछे जाने पर वसीम ने कहा कि उन्होंने किसी एक खिलाड़ी के लिए अलग योजना नहीं बनाई है।

उन्होंने आगे कहा, 'हमने पूरी भारतीय बल्लेबाजी इकाई को ध्यान में रखते हुए प्लान तैयार किया है। उनका जो गेंदबाज विकेट लेने में माहिर है, उसके सामने सावधानी से खेलेंगे और जहां मौका मिलेगा, वहां आक्रामक रवैया अपनाएंगे। अगर पिच मददगार रही तो स्पिनरों की भूमिका और अहम हो सकती है।

# बल्लेबाज जिनके शतक से आती है जीत की गारंटी कोहली टॉप पर




## 39 शतकों के साथ रूट भी शीर्ष-छह में

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक किसी भी बल्लेबाज के लिए खास होता है। यह किसी भी बल्लेबाज के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिने जाते हैं, लेकिन जब वही शतक टीम की जीत में तब्दील हों, तो उनका महत्व और भी बढ़ जाता है। ऐसे ही कुछ चुनिंदा बल्लेबाज हैं जिन्होंने जीत के मौकों पर सबसे ज्यादा शतक जड़े और अपनी टीम को विजयी बनाया**

**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक किसी भी बल्लेबाज के लिए खास होता है। यह किसी भी बल्लेबाज के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिने जाते हैं, लेकिन जब वही शतक टीम की जीत में तब्दील हों, तो उनका महत्व और भी बढ़ जाता है। ऐसे ही कुछ चुनिंदा बल्लेबाज हैं जिन्होंने जीत के मौकों पर सबसे ज्यादा शतक जड़े और अपनी टीम को विजयी बनाया।

इस लिस्ट में भारत के विराट कोहली सबसे आगे हैं, जबकि इंग्लैंड के जो रूट ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़कर शीर्ष-छह में जगह बनाई। यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड की जीत वाले मैचों में उनका 39वां शतक रहा और वह भी इस एलीट क्लब में शामिल हुए। आइए नजर डालते हैं उन दिग्गज बल्लेबाजों पर जिनके शतक टीम की जीत में सबसे ज्यादा असरदार साबित हुए।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली इस सूची में शीर्ष पर हैं। उन्होंने जीत में अब तक 58 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं। उनकी बल्लेबाजी का सीधा असर टीम इंडिया की जीत पर पड़ा है। कोहली की स्ट्राइक रेट और रन-चेस की क्षमता उन्हें आधुनिक क्रिकेट का सबसे बड़ा मैच विनर बनाती है। उनके शतक लगाने पर भारत का जीत प्रतिशत 70.7 है।

ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रिकी पोंटिंग ने अपने करियर में 55 शतक लगाए हैं और इनमें से अधिकांश टीम की जीत में अहम रहे। पोंटिंग का रिकॉर्ड बताता है कि वे बड़े मौकों पर टीम के लिए कितना भरोसेमंद प्रदर्शन करते थे। उनकी कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों ही ऑस्ट्रेलिया के सुनहरे दौर की रीढ़ रहे। उनके शतक लगाने पर ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत 77.5 है।

मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने 53 अंतरराष्ट्रीय शतक ऐसे बनाए हैं, जो भारत की जीत में काम आए। हालांकि उनका जीत प्रतिशत 53 है, लेकिन उनके रन भारतीय क्रिकेट के लिए नींव साबित हुए। सचिन को हमेशा ऐसे बल्लेबाज के रूप में याद किया जाएगा जिसने पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया।

भारत के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा का इस सूची में नाम खास है। उन्होंने 41 शतक भारत की जीत में लगाए और उनका जीत प्रतिशत सबसे ज्यादा 83.7 है। इसका मतलब यह है कि जब भी रोहित शतक लगाते हैं, भारत लगभग मैच जीत ही जाता है। उनकी बल्लेबाजी टीम के लिए सबसे बड़ा हथियार रही है।

# एमएमजी अस्पताल में डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया पर कार्यशाला आयोजित



**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** मौसमी संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एमएमजी अस्पताल में बुधवार को डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

फिज़िशियन डॉ. आलोक रंजन ने कार्यशाला में बताया कि समय पर पहचान और सही उपचार से इन बीमारियों की गंभीर जटिलताओं को टाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, मच्छरों से बचाव और समय पर चिकित्सकीय परामर्श ही इनसे बचने का सबसे प्रभावी तरीका है। माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. सुरुचि सैनी ने कहा कि सटीक नैदानिक जाँच और रिपोर्टिंग ही उपचार का पहला और सबसे महत्वपूर्ण चरण है।

उन्होंने आधुनिक जाँच विधियों की जानकारी भी दी। अस्पताल प्रबंधन ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार का बुखार होने पर लोग स्वयं दवा न लें, बल्कि तुरंत चिकित्सक से परामर्श करें।

# आधुनिक तकनीक से हाईटेक हो रहा है गाजियाबाद

## नगर निगम का लक्ष्य- 2047 तक आत्मनिर्भर शहर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में गाजियाबाद नगर निगम तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त ने आयोजित कार्यक्रम में निगम की योजनाओं और प्रगति का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

नगर आयुक्त ने बताया कि वायु गुणवत्ता सुधार, शहर की स्वच्छता-सुंदरता और आत्मनिर्भर गाजियाबाद को लेकर योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जा रहा है। आधुनिक तकनीकी के माध्यम से निगम वेस्ट वाटर मैनेजमेंट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, मियावाकी पद्धति से पौधारोपण, कचरा पृथक्करण, धूल मुक्त सड़कें और प्लास्टिक मुक्त अभियान को धरातल पर उतार रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक गाजियाबाद को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड, कार्बन क्रेडिट, ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित प्रोजेक्ट्स भी शामिल किए गए हैं। महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में कचरा पृथक्करण और प्लास्टिक मुक्त गाजियाबाद के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को स्वच्छता की पाठशाला और स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड से भी जोड़ा गया है ताकि हर स्तर पर लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम में नगर निगम की योजनाओं और जमीनी कार्यों की गाजियाबादवासियों ने भी सराहना की और 2047 तक आत्मनिर्भर गाजियाबाद बनाने के संकल्प को दोहराया।

# विजयनगर पुलिस ने संभ्रांत व्यक्तियों से स्थापित किया संवाद, पुलिसिंग में सुधार के मांगे सुझाव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थाना विजयनगर पुलिस ने बुधवार को उत्सव भवन हॉल में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें 100 से अधिक संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के आदेश और पुलिस उपायुक्त नगर के पर्यवेक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर एवं प्रभारी निरीक्षक थाना विजयनगर मौजूद रहे।

संवाद के दौरान उद्योगपति, व्यापारी, डॉक्टर, शिक्षक, वकील, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और सामाजिक कार्यकर्ताओं को पुलिस की बीट प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियों को संबंधित बीट एसआई और बीपीओ के नाम व मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि



यदि सत्यापन, चरित्र प्रमाण पत्र या अन्य जांच के नाम पर कोई धन की मांग करता है तो इसकी सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों को दी जाए।

### बीट पुलिसिंग होगी मजबूत

**करंट क्राइम :** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विजयनगर क्षेत्र में अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और उनके डोजियर लगातार भरे जा रहे हैं। प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं, जिनकी 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। पुलिस एफआईआर अब पीड़ित के घर पर जाकर उपलब्ध कराई जा रही है। साइबर अपराध से पीड़ित लोगों को अब तक तीन लाख चौदह हजार रुपये से अधिक की राशि वापस कराई जा चुकी है और प्रत्येक बुधवार को साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस की तैनाती प्रमुख स्थानों पर की गई है तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी लगातार जारी है। वहीं महिला सुरक्षा के लिए पिंक बूथ बनाए गए हैं और जनता से जुड़ने के लिए प्रत्येक बुधवार को थाना स्तर पर जनसंवाद दिवस आयोजित किया जा रहा है।

### सीधे सूचना यूपी-112 पर दर्ज करवाएं

**करंट क्राइम :** पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित संभ्रांत व्यक्तियों से अपील की कि यदि किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध सूचना मिलती है तो तत्काल थाना विजयनगर या यूपी-112 पर सूचना दें, जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने पुलिस की इस कार्यप्रणाली की सराहना की और कहा कि इन प्रयासों से क्षेत्र में सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई है।

# आईटीएस मोहन नगर में एमसीए और एमबीए के नए छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोहननगर स्थित आईटीएस में एमसीए और एमबीए के नए बैच के स्टूडेंट्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एनआईआईटी बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य अरविंद ठाकुर ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर योट्टा डाटा सर्विसेज के सीनियर एग्जीक्यूटिव राजेश गर्ग, एआई कंसलटिंग के वाइस प्रेसिडेंट दीपक बागची और आईटीएस ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चडढा भी मौजूद थे।

वाइस चेयरमैन अर्पित चडढा ने कहा कि आईटीएस हमेशा शिक्षा की उच्चतम गुणवत्ता प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है। शिक्षा का अर्थ केवल ज्ञान प्राप्त करना ही नहीं है, बल्कि समय के साथ विचारशीलता, नेतृत्व कौशल, और सामाजिक जवाबदेही की भावना को भी विकसित करने के बारे में है। मुख्य अतिथि अरविन्द ठाकुर ने सूचना प्रौद्योगिकी के विकास पर चर्चा करते हुए गत दशकों में चरणबद्ध रूप में परिवर्तनों एवं नवीन तकनीकों के विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों के साथ साथ सामयिक रूप से प्रयोगी कौशल एवं तकनीकों को समझने एवं निपुणता विकसित करने कि अत्यंत आवश्यक है। आईटी विभाग के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडेय ने सभी नए छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। कार्यक्रम को राजेश गर्ग, दीपक बागची, कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. पूजा धर ने भी संबोधित किया।




## नहीं दिख रहा है तीन-तीन एसीपी का असर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारी हैं। कोई यहां पर अपनी वर्किंग के पहचान बना चुका है तो कोई यहां खुद को एडजस्ट करने में लगा हुआ है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में फिर से सिटी वाले जोन में कमिश्नरेट वाली एक मिनी लिस्ट आएगी। तो कहा जा रहा है कि जिस तरह से ट्रैफिक को लेकर लगातार फॉक्स है। तो वहीं मंगलवार को जब सूब के सबसे बड़े पुलिस अधिकारी कमिश्नरेट वाले सिस्टम में पहुंचे तो उन्होंने इस पर भी डेढ़ महीने के अंदर रिजल्ट देने का निर्देश दिया है। वहीं इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए लगभग एक माह पूर्व एसीपी स्तर के तीन अधिकारी तीनों अलग-अलग जोन में तैनात किए गए हैं। तो वहीं थ्री-स्टार की संख्या यातायात के लिहाज से बढ़ाई गई है, पर इसका असर होता नजर नहीं आ रहा है। वहीं शहर के प्रमुख चौराहों पर भी अभियान चलने के बावजूद नियम तोड़ने वाले बड़ी संख्या में नजर आ रहे हैं। जाम की स्थिति यह है कि जहां स्पीड लिमिट 60 से ऊपर रहनी चाहिए वहां भी वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक की व्यवस्था को लेकर अभी और अपडेशन के साथ ही कार्रवाई की आवश्यकता है। तो वहीं अधिकारियों का फोकस होने के बावजूद भी वह हल नहीं निकलवा पा रहे हैं। अतिक्रमण को लेकर बहुत लंबा अभियान चल रहा है, लेकिन पुलिस के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर ही लोग बता रहे हैं कि उनके इलाके में अतिक्रमण का बुरा हाल है। वहां एक्शन होना चाहिए, सिटी का वह थाना भी बेहद अतिक्रमण से घिरा हुआ है, जहां आजकल मनमर्जी स्टाइल में काम चल रहा है। इन सबके बीच पुलिस विभाग में चर्चा है कि तीन एसीपी ट्रैफिक के होने के बावजूद भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तेजी के साथ परिवर्तन, कार्रवाई और व्यवस्था में सुधार वाला असर होना चाहिए था, वह होता नजर नहीं आ रहा है। अब इसके पीछे की वजह क्या है या केवल फोटो खिंचाव अभियान है या फिर अधिकारी खुद ही इस टास्क में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। इस मामले को लेकर सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही बड़े साहब कुछ बड़ा प्लान कर रहे हैं। जिसके बाद कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कुछ सुधार वाले हालात बन सकते हैं। देखना होगा आने वाले दिनों में क्या होगा।




# वसुंधरा सेक्टर 14 में ग्रीन बेल्ट पर बने अवैध निर्माण पर गरजा निगम का बुलडोजर





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम ने वसुंधरा जोन स्थित सेक्टर 14 की ग्रीन बेल्ट को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। वर्षों पुराना अतिक्रमण होने की जानकारी प्राप्त होते ही नगर आयुक्त ने तत्काल संबंधित अधिकारियों की टीम भेजकर कार्रवाई को अंजाम दिया, जोनल प्रभारी सुनील राय ने मौके पर जाकर ग्रीन बेल्ट पर बनी डेरी कब्जा मुक्त कराया बुलडोजर के जरिए अतिक्रमण विरोधी यह कार्रवाई की गई। उद्यान इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर वरिष्ठ संपत्ति प्रभारी अपर नगर आयुक्त और उद्यान विभाग की टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। जिसमें मौके पर ग्रीन बेल्ट को खाली कराया गया. अवैध कब्जे को हटाने को लेकर काफी विवाद भी बना रहा किंतु नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल को कब्जा मुक्त किया गया। आसपास के निवासियों ने बताया कि कई वर्षों से यह कब्जा था।

बुधवार को उक्त स्थल को निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए मुक्त कराया गया है। उद्यान इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम की तरफ से शहर में अवैध अतिक्रमण और अवैध कब्जा हटाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है. अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जहां भी अवैध अतिक्रमण या अवैध कब्जा हो उस स्थान को जल्द से जल्द कब्जा मुक्त कराया जाए. अवैध रूप से किए जा रहे कार्यों पर भी निगम का शिकंजा जारी है। बुधवार को चलाए गए अभियान में प्रवर्तन दल के साथ-साथ पुलिस दस्ते का भी सहयोग लिया गया। डेरी में थी 25 गाय जिन्हें नन्दी पार्क भेजा गया।

# शिक्षा अधिकार अधिनियम से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त किया जाए : शिक्षक संगठन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शिक्षक संगठनों ने मांग की है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए। संगठन का कहना है कि यह परीक्षा केवल नियुक्ति प्रक्रिया के लिए बनाई गई थी, न कि पहले से सेवा में कार्यरत शिक्षकों की पात्रता जांचने के लिए।

प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने कहा कि 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति योग्यता सेवा नियमावली के अनुरूप है और उन पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना अनुचित है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के समय की न्यूनतम अर्हता सेवा काल में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए।

जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से शिक्षकों में चिंता है। निर्णय में जहां मात्र पांच वर्ष की सेवा शेष रहने वाले शिक्षकों को टीईटी से छूट दी गई है, वहीं पदोन्नति के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। अन्य सभी सेवारत शिक्षकों को दो वर्ष में परीक्षा पास करने का निर्देश दिया गया है, असफल होने पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रावधान रखा गया है।

शिक्षक संघ ने मांग की है कि सरकार इस प्रकरण का सहानुभूति और व्यवहारिकता के साथ संज्ञान ले तथा लाखों शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अधिनियम में संशोधन करे।

इस मौके पर दर्जनों शिक्षक जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और बेसिक शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदेश मित्तल, ब्लॉक अध्यक्ष लोनी मनोज डागर, ब्लॉक अध्यक्ष रजापुर मनोज त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष भोजपुर पुष्पेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मुरादनगर अमित यादव, कनक सिंह, लक्ष्मण राठी, दिनेश कुमार, मोहम्मद गालिब सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# आनंदा आवास के 36 ईडब्ल्यूएस भवनों का लॉटरी ड्रॉ सफलतापूर्वक सम्पन्न

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में बुधवार को आनंदा आवास योजना के तहत 36 ईडब्ल्यूएस भवनों का लॉटरी ड्रॉ पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुआ।

निजी विकासकर्ता मैसर्स अग्रवाल एसोसिएट्स प्रा. लि. (आदित्य वर्ल्ड सिटी) द्वारा निर्मित एवं निमार्णाधीन ईडब्ल्यूएस योजना में पात्र घोषित आवेदकों के मध्य आवंटन के लिए ड्रॉ निकाला गया। यह प्रक्रिया 10 सितंबर 2025 को प्रातः 11 बजे अपर सचिव गा.वि.प्रा. की अध्यक्षता में हुई। ड्रॉ के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि/रा), नगर आयुक्त, नगर निगम, निजी विकासकर्ता के प्रतिनिधि तथा आवेदकगण उपस्थित रहे। पूरी कार्यवाही समिति की देखरेख में पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न की गई।





# ऑपरेशन क्लीन 02 : 220 वाहनों का निस्तारण 5.33 लाख का राजस्व मिला

## सिटी जोन के छह थानों से हटाए गए 220 वाहन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लंबित माल (वाहनों) के निस्तारण के लिए ऑपरेशन क्लीन-02 के अंतर्गत विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपायुक्त नगर जोन के निर्देश पर बुधवार को नगर जोन के 6 थानों में निस्तारण की कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 220 वाहनों का निस्तारण किया गया, जिससे पांच लाख तैंतीस हजार एक सौ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।





### किस थाने से कितने वाहन हुए आउट

**करंट क्राइम :** कुल मिलाकर नगर जोन के इन छह थानों से 220 वाहनों का सफल निस्तारण हुआ और पुलिस विभाग को 5.33 लाख रूपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। यह अभियान गाजियाबाद पुलिस द्वारा लंबित मामलों को तेजी से निपटाने और व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिसमें कोतवाली नगर में 7 लावारिस, 5 एमवी एक्ट और 2 मुकदमे से संबंधित वाहनों का निस्तारण कर 68,500 की राशि प्राप्त हुई। विजयनगर थाने से 15 लावारिस, 24 एमवी एक्ट और 8 मुकदमे के वाहन निस्तारित कर 61,000 का राजस्व मिला। वहीं सिहानी गेट थाने में 15 लावारिस और 34 एमवी एक्ट वाहनों के निस्तारण से 1,76,000 की सबसे अधिक आमदनी हुई। नंदग्राम थाने से 8 लावारिस, 4 एमवी एक्ट और 8 मुकदमे के वाहन निस्तारित कर 46,000 प्राप्त हुए। कविनगर थाने से 7 लावारिस, 18 एमवी एक्ट और 25 मुकदमे के वाहनों का निस्तारण कर 1,39,600 की राशि जमा हुई। तो वहीं मधुबन बापूधाम थाने से 13 लावारिस, 19 एमवी एक्ट और 8 मुकदमे के वाहन निस्तारित किए गए, जिससे 42,000 का राजस्व प्राप्त हुआ है।

## पोस्ट ऑफ द डे


प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डिजिटल दौर का नया ट्रेंड – जब प्रधानमंत्री मोदी संग सांसद अतुल गर्ग का मिनिएचर अवतार दिखा, तो यह सिर्फ. एक तस्वीर नहीं रही, बल्कि यह संदेश भी बन गई कि तकनीक और राजनीति मिलकर नई पीढ़ी को जोड़ रही है। सोशल मीडिया पर ट्रेंड करती हुई सांसद अतुल गर्ग की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ढाका विश्वविद्यालय चुनाव में इस्लामी छात्र संगठन ने मारी बाजी, 1971 के बाद पहली बार मिली जीत

**बांग्लादेश के ढाका विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में इस्लामी छात्र संगठन जमात-ए-इस्लामी के छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबीर (आईसीएस) ने जोरदार जीत हासिल की है। मंगलवार को हुए चुनाव के नतीजे बुधवार को घोषित हुए। यह 1971 के बाद पहली बार है जब कोई इस्लामी छात्र संगठन इतनी बड़ी जीत दर्ज कर पाया है**



**ढाका ।** इस चुनाव में आईसीएस ने कुल 12 पदों में से 9 पर कब्जा किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आईसीएस के सदिक कायम को वाइस प्रेसिडेंट और एसएम फरहाद को जनरल सेक्रेटरी घोषित किया। अध्यक्ष का पद विश्वविद्यालय के उपकुलपति के लिए रिजर्व रखा गया है।

बीएनपी ने चुनाव परिणाम मानने से किया इनकार हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के समर्थक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के छात्र संगठन जतियाताबादी छात्र दल (जेसीडी) ने चुनाव परिणामों को मानने से इनकार किया है। उन्होंने परिणामों को हेराफेरी बताते हुए मजाक बताया है। जेसीडी के उपाध्यक्ष उम्मीदवार मोहम्मद अबिदुल इस्लाम ने फेसबुक पर कहा कि वे चुनाव परिणामों को स्वीकार नहीं करते। इसके साथ ही पिछले साल की सरकार विरोधी आंदोलन का नेतृत्व करने वाले स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) समूह भी इस बार चुनाव में कमजोर रहे। एसएडी के उम्मीदवार अब्दुल कादर ने विश्वविद्यालय पर पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि आईसीएस ने मतदान केंद्रों के अंदर नतीजों में हेरफेर किया। बता दें कि भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण समूह छोड़ने वाली एसएडी की पूर्व प्रवक्ता उमामा फातिमा ने स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ते हुए चुनाव से पहले ही बहिष्कार कर दिया। अधिकारी ने चुनाव को बताया 'मॉडल चुनाव' वहीं दूसरी ओर चुनाव अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद जसिम उद्दीन ने चुनाव को मॉडल चुनाव बताया। साथ ही कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। उन्होंने कहा कि जब भी देश संकट में होता है, ढाका विश्वविद्यालय नेतृत्व करता है। साथ ही राष्ट्रीय नागरिक पार्टी (एनसीपी) के नेता हसनात अब्दुल्लाह ने कहा कि ये चुनाव बांग्लादेश के राजनीतिक भविष्य को आकार देंगे और सभी पार्टियों से अपील की कि वे परिणामों का सम्मान करें। कैसा रहा मतदान, जानिए गौरतलब है कि चुनाव में लगभग 78 प्रतिशत वोटर पहुंचे और मतदान शांतिपूर्ण था।

# भारतीयों पर भ्रामक बयान पर भड़के पीएम अल्बानीज, कहा- माफी मांगें विपक्षी एमपी



**सिडनी ।** भारतीयों पर आव्रजन संबंधी भ्रामक टिप्पणी पर ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने नाराजगी जताई और विपक्षी सांसद से माफी मांगने को कहा। विपक्षी सांसद जसिंटा नम्पिजिनपा प्राइस ने आरोप लगाया था कि अल्बनीज की लेबर पार्टी को वोट देने के लिए भारतीयों को ऑस्ट्रेलिया आने की अनुमति दी गई है। प्राइस की टिप्पणियों से ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले भारतवंशियों में रोष फैल गया है। इसके कारण पार्टी के भीतर ही यह मांग उठने लगी है कि प्राइस को माफी मांगनी चाहिए।

अल्बनीज ने मंगवलार को सरकारी प्रसारणकर्ता एबीसी को दिए गए साक्षात्कार में कहा, भारतीय समुदाय के लोग आहत हैं। सीनेटर की टिप्पणियां सच नहीं हैं। निश्चित रूप से भारतीय समुदाय को जो ठेस पहुंची है उसके लिए प्राइस को माफी मांगनी चाहिए। उनके अपने सहयोगी भी यही कह रहे हैं। मध्य-दक्षिणपंथी लिबरल पार्टी की सीनेटर प्राइस ने देशभर में हुए प्रवासी विरोधी प्रदर्शनों के बाद भारतीयों समुदाय पर यह टिप्पणी की थी। भारतीय समुदाय ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समूहों में शुमार है। हालिया प्रदर्शनों में देश में जीवन-यापन की बढ़ती लागत के लिए आंशिक रूप से भारतीयों को जिम्मेदार ठहराया गया था। प्राइस ने पिछले हफ्ते एक रेडियो साक्षात्कार में यह संकेत दिया कि बड़ी संख्या में भारतीयों को अल्बानीज की मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी को वोट देने के लिए ऑस्ट्रेलिया आने की अनुमति दी गई है।

प्राइस ने कहा, भारतीय समुदाय को लेकर चिंता है और वह इसलिए क्योंकि वे बड़ी संख्या में हैं। ...हम इस बात को उस तरह से भी देख सकते हैं कि भारतीय समुदाय लेबर पार्टी को वोट देता है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने पिछले हफ्ते कहा था कि वह विरोध प्रदर्शनों के बाद भारत विरोधी भावना में वृद्धि को लेकर ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत कर रहा है।

# महाराजा रणजीत सिंह की विरासत पर शोध की मांग
## सरदार तरलोचन सिंह ने की ब्रिटिश सिख नेताओं से अपील



**लंदन ।** पूर्व राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार तरलोचन सिंह ने ब्रिटन के सिख सांसदों और नेताओं से एक बड़ी अपील की है। उन्होंने महराजा रणजीत सिंह के बिखरे हुए खजानों पर प्रामाणिक शोध करने की बात पर जोर दिया। ताकि उन्हें सूचीबद्ध कर एक संग्रहालय में संरक्षित किया जा सके। पूर्व सांसद तरलोचन लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में अपने सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह के तोशाखाने (खजाने) से जुड़ी कई अमूल्य वस्तुएं अब भी ब्रिटेन के विभिन्न संग्रहालयों में बिखरी हुई हैं। बता दें कि इससे पहले ब्रिटिश सांसद तनमनजीत सिंह धेसी ने सरदार तरलोचन सिंह को उनके समाजसेवा और सिख समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिए सिख ज्वेल अवॉर्ड से सम्मानित किया। महाराजा की धरोहर को एकजुट करने पर जोर सरदार तरलोचन सिंह ने कहा कि ऐसी ऐतिहासिक रिपोर्टें सामने आई हैं जिनमें ब्रिटिश शासन के समय की एक फाइल में महाराजा के खजाने की सूची दी गई है। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों को अपनी विरासत पर गर्व हो, इसके लिए जरूरी है कि महाराजा रणजीत सिंह के खजानों की सूची जारी की जाए। उन्होंने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी की पवित्र कलगी, जिसे महाराजा रोज श्रद्धापूर्वक छूते थे, भी उस खजाने में थी। महाराजा की सोने की कुर्सी आज विक्टोरिया एंड अल्बर्ट म्यूजियम में प्रदर्शित है, लेकिन कई वस्तुएं संग्रहालयों में भंडारण में पड़ी हैं, जिन्हें एक छत के नीचे लाकर प्रदर्शित किया जा सकता है। इस दौरान सिंह ने ये भी साफ किया कि उनकी मांग इन वस्तुओं को भारत लाने की नहीं, बल्कि ब्रिटेन में ही उचित देखभाल और प्रदर्शन की है। सारागढ़ी युद्ध को लंदन में स्मृति देने की अपील इसके साथ ही सरदार तरलोचन सिंह ने ब्रिटिश सिख एसोसिएशन से यह भी आग्रह किया कि वे 1897 के सारागढ़ी युद्ध को लंदन में यादगार बनाएं। यह वही युद्ध है जिसमें ब्रिटिश भारतीय सेना की 36वीं सिख रेजिमेंट के 21 सिख सैनिकों ने हजारों अफगान कबायलियों से मुकाबला किया था। लॉर्ड रामी रेंजर ने किया समर्थन ब्रिटिश सिख एसोसिएशन के अध्यक्ष लॉर्ड रामी रेंजर ने इस विचार का समर्थन करते हुए कहा कि एसोसिएशन इस कार्य के लिए एक ₹सारागढ़ी मेमोरियल सोसाइटी₹ बनाएगी।

# गाजा में हमलों पर इस्राइल के खिलाफ यूरोपीय संघ
## लेयेन ने की प्रतिबंध लगाने और व्यापार बंद करने की मांग



**गाजा ।** गाजा पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर यूरोपीय संघ के इस्राइल के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी की है। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि वह गाजा में युद्ध को लेकर इस्राइल पर प्रतिबंध लगाने और आंशिक व्यापार निलंबन की मांग करने की योजना बना रही हैं।

लेयेन ने कहा कि यूरोपीय संघ अगले महीने एक फलस्तीनी दानदाता समूह का गठन करेगा। इसका एक हिस्सा गाजा के भविष्य के पुनर्निर्माण पर केंद्रित होगा। गाजा की घटनाओं और बच्चों व परिवारों की पीड़ा ने दुनिया की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि मानव निर्मित अकाल कभी भी युद्ध का हथियार नहीं हो सकता। बच्चों की खातिर, मानवता की खातिर इसे रोकना होगा। हालांकि 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में इस्राइल और फलस्तीनियों के प्रति अलग-अलग दृष्टिकोण है।

वॉन डेर लेयेन की यह टिप्पणी उस दिन आई है जब इस्राइल की सेना ने गाजा के निवासियों को चेतावनी दी थी कि वे उस जगह को खाली कर दें, जहां इस्राइल हमास का सफाया कर रहा है। साथ ही लाखों लोग अकाल की स्थिति में हैं। वहीं मंगलवार को कतर में हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले इस्राइल ने हमला किया था।

गाजा में युद्ध तब शुरू हुआ जब हमास के नेतृत्व वाले उग्रवादियों ने सात अक्तूबर 2023 को 251 लोगों का अपहरण कर लिया और लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी, जिनमें ज्यादातर इस्राइली नागरिक थे। गाजा में अभी भी 48 बंधक हैं, जिनमें से लगभग 20 के जीवित होने की संभावना है। गाजा में जारी संघर्ष के बीच फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मौत का आंकड़ा 64,000 को पार कर गया है। लगातार हो रही हिंसा और हवाई हमलों से हालात बेहद खराब हैं। इस्राइल और हमास दोनों अपने-अपने कड़े रुख पर कायम हैं और किसी समझौते के संकेत नहीं दिख रहे हैं। गाजा के कई इलाकों में मलबे के नीचे लोगों को खोजने का काम जारी है, जबकि अस्पतालों में घायलों की भीड़ बढ़ती जा रही है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द संघर्ष नहीं रुका, तो मानवीय संकट और गहरा जाएगा।

# सिंगापुर: बाहरी ताकतों का विरोध करें अपनी राष्ट्रीय पहचान बनाएं, सिंगापुर के पूर्व पीएम की लोगों से अपील



**सिंगापुर सिटी ।** वैश्विक तनाव के बीच सिंगापुर के पूर्व पीएम ने अपने देश के लोगों से बड़ी अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग बाहरी ताकतों का विरोध करें और एक मजबूत राष्ट्रीय पहचान बनाए रखें। केंट रिज मिनिस्टीरियल फोरम में पूर्व पीएम ली सियन लूंग ने कहा कि सिंगापुर को शक्तिशाली बाहरी ताकतें बहुत अलग दिशाओं में खींच रही हैं।

वैश्वीकरण को या घरेलू दोषों को राष्ट्रीय पहचान की भावना के लिए बड़ी चुनौती मानने के सवाल पर ली ने कहा कि मुसलमान स्वाभाविक रूप से इस्राइल और हमास के बीच युद्ध को लेकर अधिक परेशान हैं। मगर भारत या चीन में होने वाले घटनाक्रम का उन समुदायों पर अधिक प्रभाव पड़ेगा। हमारा काम इसका विरोध करना है और यह याद रखना है कि मैं मुस्लिम हूं या मैं चीनी हूं या मैं भारतीय हूं, लेकिन मैं सिंगापुरी भी हूं। यहां मेरा कुछ स्थान है। मैं यहां का निवासी हूं तथा मुझे यहीं से दुनिया को देखना चाहिए।

सिंगापुर राष्ट्रीय विवि के छात्रों और शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए सिंगापुर के तीसरे प्रधानमंत्री रहे ली ने कहा कि हर पीढ़ी को अपने संकटों से पार पाना होगा। इन्हीं चुनौतियों के माध्यम से सिंगापुर की राष्ट्रीय पहचान मजबूत होगी। सिंगापुर की पहचान पहले से अधिक मजबूत है और अब उसे महाशक्तियों के बीच प्रतिद्वंद्विता और भू-राजनीतिक व्यवधानों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पहचान बहुस्तरीय है। हम एक लोग हैं, लेकिन... हम सभी एक जैसे नहीं हैं और कुछ खामियां हैं जिनसे हमें बचना है। केवल सिंगापुरी होना किसी व्यक्ति की पहचान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं है।

# इस्राइली हमले के बाद मलबे में खोजे गए हमास नेताओं के शव, कतर-इस्राइल के बीच बढ़ा तनाव

**कतर में इस्राइली हमले के बाद बुधवार को मलबे में हमास नेताओं के शव खोजे गए। हमास के नेता गाजा पट्टी में युद्ध विराम के लिए अमेरिकी प्रस्ताव पर विचार करने के लिए कतर आए थे। मगर इस्राइली हमले में उनकी मौत हो गई। हमलों के बाद कतर और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया है**



**दोहा ।** इस्राइली वायुसेना ने मंगलवार को हमास के नेताओं को निशाना बनाने के लिए कतर की राजधानी दोहा में बड़ा हमला किया था। इसमें हमास के नेताओं की मौत हो गई थी। कतर पर हुए हमले की मध्य पूर्व और उसके बाहर कई देशों ने व्यापक निंदा की। इसके बाद कतर और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया। साथ ही युद्ध को समाप्त करने और गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के लिए चल रही बातचीत खतरे में पड़ गई है। हमले के बाद हमास ने कहा कि उसके शीर्ष नेता हमले में बच गए, लेकिन पांच निचले स्तर के सदस्य मारे गए। इसमें गाजा में हमास के नेता और उसके शीर्ष वातार्कार खलील अल-हय्या का बेटा, तीन अंगरक्षक और अल-हय्या के कार्यालय का प्रमुख शामिल है। कतर के सरकारी प्रसारक अल जजीरा ने हमले को क्रूर आक्रमण बताया है। थानी ने ट्रंप से की बात सरकारी कतर समाचार एजेंसी ने बताया कि देश के शासक अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित विश्व के नेताओं के साथ कई बार बातचीत की। शेख तमीम ने हमले की निंदा की और कहा कि कतर इस्राइल को इसके परिणामों के लिए जिम्मेदार मानता है, क्योंकि वे आक्रामकता की नीति अपनाते हैं, जो क्षेत्र की स्थिरता के लिए खतरा है और तनाव कम करने तथा स्थायी कूटनीतिक समाधान तक पहुंचने के प्रयासों में बाधा उत्पन्न करती है। कतर के पास वायु रक्षा प्रणालियों का एक बड़ा भंडार है। इसमें अमेरिकी निर्मित पैट्रियट और टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस या ळऌअअऊशामिल है। मगर हमले के दौरान कतर की वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय नहीं थी। कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने इस्राइल ने ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया जो रडार द्वारा पता नहीं लगाए।

# नेपाल में युवाओं का उग्र आंदोलन: सामान्य होते हालात के बीच फिर आई हिंसा की खबरें, कर्फ्यू बढ़ा, 27 गिरफ्तार



**काठमांडो ।** सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और भ्रष्टाचार के खिलाफ नेपाल में शुरू हुए प्रदर्शन ने देशभर की राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया। राजधानी काठमांडू समेत पूरे देश में जेनरेशन जेड की ओर से चलाए जा गए सरकार विरोधी प्रदर्शनों ने देश में तख्तापलट कर दिया है। सुबह सामान्य होते हालातों के बीच अब कुछ जगहों से हिंसा की खबरें आ रही हैं। हालांकि, ज्यादातर जगहों पर हालात नियंत्रण में हैं। इससे पहले आगजनी और लूटपाट की घटनाओं के बीच नेपाली सेना ने 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही कर्फ्यू को भी बढ़ा दिया गया है। गिरफ्तारियां मंगलवार रात 10 बजे से बुधवार सुबह 10 बजे के बीच हुईं। इस दौरान देश भर में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया और आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां भी भेजी गईं।

बता दें कि काठमांडू के गौशाला-चाबाहिल-बौद्ध इलाके से सुरक्षा बलों ने चोरी की गई करीब 33.7 लाख नेपाली रुपये की नकदी बरामद की। इसके अलावा, पुलिस ने 31 गन, मैगजीन और गोला-बारूद जब्त किए हैं, जिनमें से 23 काठमांडू और आठ पोखरा से बरामद हुए। हाल की झड़पों में 23 पुलिसकर्मी और 3 आम नागरिक घायल हुए हैं, जिनका इलाज सैन्य अस्पतालों में चल रहा है।

बढ़ते हिंसा के प्रकोप को देखते हुए देशभर में कर्फ्यू और निषेधाज्ञा लगा दी गई है। निषेधाज्ञा बुधवार शाम पांच बजे तक लागू रहेगी। वहीं कर्फ्यू गुरुवार 26 सितंबर को सुबह 6 बजे से शुरू होगा। आगे की स्थिति के अनुसार फैसला लिया जाएगा। सेना ने कहा है कि कुछ अराजक तत्व हिंसा, लूटपाट, आगजनी और दुष्कर्म जैसे अपराध कर रहे हैं। सेना ने सभी से शांति बनाए रखने और अपराधियों का समर्थन न करने की अपील की है।

बता दें कि इस पूरे हिंसा में काठमांडू में सबसे ज्यादा तबाही हुई है। हिल्टन होटल पूरी तरह जल गया। राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में तोड़फोड़ और आग लगाई गई। पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खनल के घर में आग लगने से उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार गंभीर रूप से झुलस गईं और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कांतिपुर मीडिया ग्रुप के मुख्यालय में भी आग लगाई गई।

इतना ही नहीं हिंसा के चलते प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। प्रदर्शन आठ सितंबर को शुरू हुए थे, जब सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया था। प्रदर्शनकारी भ्रष्टाचार खत्म करने, सरकार में पारदर्शिता बढ़ाने और जनता के सवालों के जवाब देने की मांग कर रहे हैं।

# लाठी लेकर दौड़ी भीड़: नेपाल में फंसी भारतीय पर्यटक की आपबीती, प्रदर्शनकारियों ने होटल फूंका



**काठमांडो ।** नेपाल में फैली हिंसा का सामना एक भारतीय पर्यटक को भी करना पड़ा है। भारतीय पर्यटक ने सोशल मीडिया के जरिये आपबीती साझा करते हुए कहा कि मैं जिस होटल में रुकी थी, उसमें आग लगा दी गई। जब मैं स्पा से लौटी तो भीड़ मेरे पीछे लाठी लेकर दौड़ी। मैंने जैसे-तैसे भागकर जान बचाई। भारतीय पर्यटक ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में उपासना गिल नाम की महिला ने कहा कि वह नेपाल में वॉलीबाल लीग में भाग लेने आई थी। मैं पोखरा के जिस होटल में ठहरी हुई थी, वह जलकर खाक हो गया है। कमरे में रखा मेरा सारा सामान जल गया। मैं स्पा में गई थी। जब मैं वहां से वापस लौटी तो लोग बड़ी-बड़ी लाठियां लेकर दौड़ रहे थे। मैंने बड़ी मुश्किल से वहां से भागकर अपनी जान बचाई। उपासना गिल ने प्रफुल्ल गर्ग के साथ साझा किए वीडियो में कहा कि यहां हालात बहुत खराब हैं। हर जगह सड़कों पर आग लगाई जा रही है। प्रदर्शनकारी पर्यटकों को भी नहीं बख्श रहे हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई पर्यटक है या कोई काम से आया है। वे बिना सोचे-समझे हर जगह आग लगा रहे हैं। हमें नहीं पता कि हम कब तक किसी और होटल में रहेंगे। लेकिन मैं भारतीय दूतावास से विनती करती हूं कि कृपया यह वीडियो, संदेश उन तक पहुंचा दिया जाए। आप सभी से हाथ जोड़कर विनती है। हमारी मदद करें। मेरे साथ यहां बहुत से लोग हैं, और हम सब यहां फंसे हुए हैं। नेपाल के हालात को लेकर काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल में सभी भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन नंबर जारी किए हैं। दूतावास ने कहा कि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति का सामना करने या सहायता की आवश्यकता होने पर : +977-980 860 2881, +977- 981 032 6134 पर संपर्क कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे सावधानी बरतें और नेपाली अधिकारियों द्वारा जारी किए गए कदमों और दिशानिर्देशों का पालन करें। फेसबुक और यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया मंचों पर पाबंदी के बाद सोमवार को शुरू हुआ जेन-जी आंदोलन सोमवार देर रात सरकार की ओर से पाबंदी हटाने के बावजूद मंगलवार को और उग्र हो गया। राजधानी काठमांडो में कर्फ्यू और भारी सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए प्रदर्शनकारियों ने सिंह दरबार, संसद भवन, सुप्रीम कोर्ट, विशेष अदालत, राष्ट्रपति आवास, शीर्ष नेताओं के घर और विभिन्न दलों के दफ्तरों में आगजनी और तोड़फोड़ की। सिंह दरबार पूरी तरह से राख हो गया है।

# कवि नगर के.बी.-46 स्थित जैन धर्म स्थानक की नीलामी पर न्यायालय ने लगाई रोक : डॉ. अतुल जैन








**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** कवि नगर स्थित जैन धर्म स्थानक (के.बी.-46) की नीलामी द्वारा बिक्री पर न्यायालय ने रोक लगा दी है। यह भवन वर्ष 1988 से श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा को दान स्वरूप प्राप्त है और तब से यहां पर नियमित रूप से धार्मिक कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। पिछले 35 वर्षों से इस स्थानक में चातुर्मास, पूजा-पाठ, णमोकार महामंत्र का जाप और प्रवचन जैसे धार्मिक आयोजन होते आ रहे हैं। वर्तमान में उत्तर भारतीय प्रवर्तक परम पूज्य सुभद्र मुनि महाराज साहब एवं पूज्य मूत्र मुनि महाराज साहब सहित छह साधु-साध्वी मंडल यहां चातुर्मास कर रहे हैं, जो नवंबर तक चलेगा।

जैसे ही जैन समाज को ज्ञात हुआ कि इस भवन की ई-ऑक्शन के माध्यम से बिक्री की जा रही है, समाज के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने इसका कड़ा विरोध किया। उन्होंने सांसद अतुल गर्ग, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल सहित प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्यमंत्री, अल्पसंख्यक आयोग, आयुक्त पुलिस और जिलाधिकारी गाज़ियाबाद को पत्र लिखकर नीलामी रुकवाने का निवेदन किया। जैन समाज का कहना है कि यह लीज होल्ड संपत्ति है और बैंक द्वारा गारंटी के रूप में कागजों में धोखाधड़ी की गई। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से कोई वैध अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया बल्कि फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। इस संबंध में सीबीआई में प्राथमिकी दर्ज है और जांच चल रही है।

जैन सभा के पदाधिकारियों ने न्यायालय में तृतीय पक्ष बनकर आपत्तियां दर्ज कीं। लंबे समय तक चली बहस के बाद न्यायालय ने 12 सितंबर 2025 को प्रस्तावित ई-ऑक्शन पर रोक लगा दी।

## भाजपा की सेवा पखवाड़ा एवं स्नातक शिक्षक चुनाव को लेकर कार्ययोजना बैठक सम्पन्न






**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाज़ियाबाद द्वारा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में विजयनगर स्थित एक स्कूल सभागार में कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा एवं मेरठ मंडल स्नातक व शिक्षक चुनाव की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में यह तय किया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस (17 सितम्बर) सेवा एवं संगठन को समर्पित होगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान गरीब कल्याण, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता और जनजागरण जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और कार्यकर्ता समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने का संकल्प लेकर जुटेंगे। क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने स्नातकझशिक्षक चुनाव को संगठन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए बूथ स्तर तक जिम्मेदारी निभाने पर जोर दिया। पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोंगा ने कहा कि चुनावी सफलता निरंतर सेवा कार्यों से ही संभव है और कार्यकताओं का समर्पण ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा को जनता के बीच भाजपा की विश्वसनीयता और जनसेवा अभियान के रूप में उतारना ही लक्ष्य है।

बैठक में महामंत्री राजेश त्यागी, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी सहित बड़ी संख्या में महानगर पदाधिकारी, सेवा पखवाड़ा संयोजकझसह संयोजक एवं स्नातकझशिक्षक चुनाव अभियान से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तुलसी निकेतन में मकान तोड़ने से पहले जीडीए दे नए मकान: कुलदीप कसाना





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के अधिकारियों द्वारा दिए गए इस बयान कि तुलसी निकेतन के निवासियों को नवंबर माह में शिफ्ट किया जाएगा कॉलोनीवासियों और आरडब्ल्यूए ने पुरजोर विरोध किया है। तुलसी निकेतन आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कुलदीप कसाना ने स्पष्ट कहा कि किसी भी निवासी को अब तक मकान खाली करने का नोटिस नहीं दिया गया है और सभी 2292 भवनों के लोग एकमत से निर्णय ले चुके हैं कि वे अपने भवन खाली कर कहीं और शिफ्ट नहीं होंगे।

आरडब्ल्यूए का कहना है कि जीडीए यदि वास्तव में पुनर्विकास करना चाहता है तो पहले खाली पड़ी भूमि और टंकी वाले पार्क पर नए बहुमंजिला टावर बनाए, फिर एक तरफ से मकान खाली कराकर लोगों को नए भवनों में शिफ्ट किया जाए। इसके बाद क्रमवार पुराने भवनों को तोड़कर पुनर्निर्माण किया जा सकता है। आरडब्ल्यूए ने जीडीए अधिकारियों से लिखित आश्वासन मांगा है कि सभी 2292 भवन मालिकों को नए भवन दिए जाएंगे। जब तक यह आश्वासन नहीं मिलता, तब तक कोई भी निवासी अपने मकान खाली नहीं करेगा।

आरडब्ल्यूए ने दो टूक कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक पुनर्विकास कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा।

### निवासियों ने छह मुख्य मांगें भी रखीं–

- जीडीए पुनर्विकास से पूर्व सांसद, विधायक और आरडब्ल्यूए के साथ एक कमेटी गठित कर ब्लूप्रिंट तैयार करे।
- सबसे पहले रामलीला ग्राउंड में फ्लैट बनाकर टंकी साइड के लोगों को शिफ्ट किया जाए।
- कॉलोनी के हर परिवार/व्यक्ति को मकान उपलब्ध कराया जाए।
- पूर्ण भुगतान करने वालों को निशुल्क फ्लैट आवंटित हों।
- आंशिक भुगतान करने वालों से शेष राशि लेकर फ्लैट दिए जाएं।
- जिन्होंने कोई भुगतान नहीं किया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराया जाए, जिसकी राशि आसान किस्तों में वसूली जाए।

## नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने किया गौ माता का पूजन, सुनी गौ कथा



**पिलखुवा (करंट क्राइम)।** बालाजी गौ सेवा धाम द्वारा पितृ पक्ष के अवसर पर आर.एस. गार्डन में गौ कथा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित गौ कथा में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने गौ माता का पूजन कर कथा श्रवण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने कहा कि गौ सेवा करना हमारे संस्कारों का हिस्सा है। हमारे धर्म में गौ को माता का दर्जा दिया गया है। उन्होंने बताया कि गौ माता की सेवा से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें गौ वंशों की सेवा के साथ-साथ उनकी रक्षा करना भी आवश्यक है।

## गुरु तेग बहादुर की शहादत को नमन

### हापुड़ में नगर कीर्तन यात्रा का भव्य आयोजन और स्वागत





गुरु तेग बहादुर ने देश व धर्म की रक्षा हेतु अपना बलिदान दिया था। यह यात्रा हमें उनके विचारों, सिद्धांतों और बलिदान को जनमानस तक पहुँचाने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। हापुड़ ततारपुर बाईपास गुरुद्वारा पर एस.जे.एस. मोटर्स और स्थानीय संगत द्वारा इस महान नगर कीर्तन यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा हापुड़ शहर होते हुए गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार तहसील चौपला से बुलंदशहर मार्ग होते हुए आगरा के लिए रवाना हुई, जहाँ इसका रात्रि विश्राम होगा।

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी शताब्दी वर्ष को समर्पित एक भव्य नगर कीर्तन शोभायात्रा, जो 21 अगस्त को असम से प्रारंभ हुई थी, विभिन्न राज्यों से गुजरते हुए हापुड़ बाईपास गुरुद्वारा होते हुए हापुड़ शहर पहुँची। इस यात्रा का आयोजन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अमृतसर द्वारा किया गया है। दरबार साहिब के हैड ग्रन्थी ज्ञानी केवल सिंह, यूपी सिख मिशन के प्रमुख ब्रजपाल सिंह, सतपाल सिंह मान, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस.पी. सिंह, दलजीत सिंह जस्सर, जगमोहन सिंह सलूजा, मनजीत सिंह सेठी, रविन्दर सिंह जौली, गगन सिंह अरोड़ा सहित हापुड़ व गाज़ियाबाद की संगत ने इस शोभायात्रा का स्वागत किया।

ब्रजपाल सिंह ने बताया कि इस यात्रा में गुरु तेग बहादुर साहिब एवं गुरु गोबिंद सिंह के शस्त्रों से सुसज्जित बस तथा गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी, पाँच प्यारों की अगुवाई में शामिल हैं। मार्ग में संगत को गुरु साहिब के शस्त्रों के दर्शन करवाए जा रहे हैं।

सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि

## स्वस्थ जीवन ही सबसे बड़ा धन है : रवीन्द्र त्यागी

### जिंदल नेचर केयर सेंटर में स्वास्थ्य और अपने साथियों संग बिताए पलों को किया साझा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाज़ियाबाद के समाजसेवी चेहरों ने स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक नई पहल करते हुए बेंगलुरु स्थित जिंदल नेचर केयर सेंटर का अनुभव साझा किया।

रवीन्द्र त्यागी, प्रवीण त्यागी अपनी पत्नी सुमन भाभी के साथ और सूदन रावत अपनी पत्नी विभा रावत के साथ यहाँ पहुँचे। इनके साथ अनिल त्यागी भी पहली बार इस यात्रा में शामिल हुए।

रवीन्द्र त्यागी का कहना है कि यह केंद्र केवल इलाज का स्थान नहीं बल्कि एक अनुशासित जीवनशैली सिखाने वाला संस्थान है। यहाँ यह संदेश दिया जाता है कि जितना आवश्यक है उतना ही खाओ, वही स्वास्थ्य का आधार है।

प्रवीण त्यागी ने बताया कि यहाँ के चिकित्सक और परिचारक बेहद समर्पित और विनम्र हैं, जो हर दिन व्यक्तिगत रूप से भोजन, चिकित्सा और उपचार की योजना तय करते हैं। वहीं सूदन रावत ने कहा कि यहाँ भोजन पूरी तरह जैविक खेती से उत्पन्न होता है, जो इसे और विश्वसनीय बनाता है।

सन 1978 में डॉ. सिताराम जिंदल द्वारा स्थापित यह संस्थान योग और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से न केवल पुरानी बीमारियों का उपचार करता है, बल्कि जीवनभर के लिए स्वस्थ रहने का मार्ग भी दिखाता है।

रवीन्द्र त्यागी का यह संदेश समाज के लिए प्रेरणा है कि दवाइयों पर निर्भर रहने के बजाय यदि हम अनुशासन, योग और प्राकृतिक उपचार को अपनाएँ तो स्वास्थ्य ही नहीं, जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर हो सकती है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर आप दोगे डेल्टा कॉलोनी के भगवा मेंबरों पर ध्यान तब आपको पता चलेगा हाउस टैक्स जैसे बड़े मुद्दे पर इनमें से कईयों ने नहीं खोली है जुबान? इनकी चुप्पी करा रही है इस बात का एहसास, जैसे इस मुद्दे पर हों ये अधिकारियों के साथ? कहने वाले ने कहा– मैं तो खाली बैठा हुआ था, किसी ने आकर रखी थी मेरे कानों में ये बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लखनऊ में हाउस टैक्स की लड़ाई लड़ने वाले पार्षदों के डेरे से लगाया जा सकता है अनुमान? कि किसके इशारे पर उन्होंने तैयार किया हुआ है पूरा जंग का सामान? हमने देखा, कई पार्षदों ने किया था मंत्री जी के आवास पर आराम? कुछ पार्षद रहे थे शहर वालों के घर पर विराजमान? कुछ की आ रही थी बड़े दिल वाले विधायक के यहां पर लोकेशन? कहने वाले ने कहा, बड़े किरदार अपने–अपने तरीके से लड़ रहे हैं लड़ाई? नहीं मना रहे हैं वो इस मुद्दे पर किसी भी तरह का वेकेशन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हवाओं में गूंज रही है पार्षद के दर्द–ए–दिल की बात? सुना है, उनसे किसी ने कह दिया है हम तुम्हारा कर देंगे इलाज? पार्षद को अब अपने होने वाले इलाज से लग रहा है डर? उन्होंने रखी है अपनी ये व्यथा दूसरे पार्षदों के सामने? उन्होंने संदेश दिया है तुम हो जाओ निडर? हम हैं इस मामले में पूरी तरह से तुम्हारे साथ? जहां भी तुम शिकायत लेकर जाओगे पाओगे हमारा साथ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं वैशाली वाले सेक्टर–2 की बात? यहां पर चर्चा में पूरे 25 लाख? सुना है, यहां पर दो बिल्डर बनाना चाहते थे मकान, मगर किसी पावरफुल वाले चेहरे ने ठाकुराना अंदाज में डाल दिया था व्यवधान? फिर ना जाने बाद में क्या हुई बात? मकान भी बन गये और शांत हो गये आवाज उठाने वाले भाईसाहब? समझदारों को समझ आ ही जानी चाहिए इतने में ही सारी बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** संगठन में इस वक्त चल रहा है जिम्मेदारियों का जिगजैग? पता ही नहीं चल रहा किसका बदल जाए कौन सा वाला फ्लैग? पहले बॉबी भैया को सौंपा गया था पंचायत का काम? बाद में उन्हें एमएलसी वाला दे दिया गया काम? गुंजन भैया को एमएलसी वाली जिम्मेदारी की जगह दे दी गई पंचायत वाली जिम्मेदारी? कुछ ऐसा ही हुआ मामला पंजाबी चेहरे के लिये भी जारी? कहने वाले ने कहा– वो कप्तान बड़े गजब के हैं, पता ही नहीं चल रहा किस मौके पर खिलवा दें वो किससे कौन सी पारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप हमारी बात पर ध्यान देना सनम? यूं ही नहीं हैवीवेट वालों ने लोकसभा के अंतर्गत आने वाली क्रांतिकारी विधानसभा में रखा है कदम? सियासत में हर कदम को रखने के पीछे होते हैं संदेश? इसलिये नदिया पार से आगे जाकर दिखाया है उन्होंने क्रांतिधारी धरा में अपना फेस? क्रांतिकारी विधायक ने उनके स्वागत का दिखाया है जोरदार आगाज? जैसे– सुनाना चाह रहे हो लोकसभा वालों को कोई संदेश से भरी आवाज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पंकज भैया आए थे लोनी और उन्होंने अपने शब्दों से कर दिया विधायक नंदकिशोर गुर्जर का मामला भारी? देकर उदाहरण सीएम योगी और उमा दीदी का वो बोले– यहां के विधायक बिल्कुल खेल रहे हैं इन दोनों बड़े नेताओं की तरह ही पारी? बता दिया उनको इन दोनों की तरह फायरब्रांड नेता? कहने वाले ने कहा– ये बात कई दिलजलों के दिलों को चीरकर निकल गई है? आपको पता है मैं वैसे ही नहीं कोई बात हूं कहता?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था कहीं पर वहां पर उठ रहा था इस बात पर सवाल? चर्चा हो रही थी सांसद का बड़ा होता है या फिर बड़ा होता है स्टेट के कैबिनेट मंत्री का प्रोटोकॉल? फिर इस बात को सुनकर देने वाले ने दिये दो नंबर? कहा– ये ज्ञान मैं आपको इसलिये दे रहा हूं क्योंकि महीना है सितंबर? प्रोटोकॉल में एक की 15 तो दूसरे की होती है 21वीं रेंक? आप इस बात को अब जहां से टटोलना है टटोल लो, इसी से पता चल जाएगा आपको कि जनपद में सांसद और मंत्री में से किसका बड़ा है रैंक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने हाल ही में देखा था एक नजारा खास? दस मीटर की दूरी पर पहलवान और पहलवान के दोस्त खड़े थे, मगर नहीं आए थे दोनों एक–दूसरे के पास? खूब दिख रहा था मौके पर दूरियों का एहसास? मगर, अब इस बात से जल्द पर्दा उठने वाला है, क्योंकि कमांडर का बर्थ–डे आ रहा है साहब? यहीं से पता चल जाएगा पहलवान की दूरियों का दस्तूर? अगर कार्यक्रम में वो शिद्दत से डटे नजर आए तो समझ लेना दूरियों का मामला सिर्फ आंखों का धोखा था हुजूर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** दोस्त, दोस्त ना रहा, प्यार, प्यार ना रहा? सुना है दुहाई देने वाले चौधरी को अब किसी का एतबार ना रहा? सुना है, उन्होंने अपनी शिकायत में नहीं दिया संगठन के एक चेहरा का नाम? ये वो चेहरा था जिनसे हुआ था इनका घमासान? मगर, पता चला है दिल में दोस्तियों के थे पुराने वाले जज्बात? इसलिये चौधरी ने नाम लेने से पहले खींच लिये अपने हाथ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## चिन्टू जी






चिंटू जी : जल्द रिलीज हो रही है खासतौर से गाजियाबाद वालो के लिए फिल्म 'घर का लगान'। इस लगान पर इनमें से कौन लगाम लगायेगा इस पर है सबका ध्यान। फिलहाल तो मामला खामोश है श्रीमान। पिक्चर हिट रहेगी या फ्लाप, जो भी हो ये तो तभी पता चलेगा। जब इसे देखेंगे हम गाजियाबाद के लोग।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।